वर्ष : 16 अंक : 07 | प्रत्येक गुरुवार प्रकाशित | अनूपपुर 15 से 21 फरवरी 2024 | मूल्य 2.00 | पृष्ठ 8 | Epaper-www.fatwasamachar.com

डाक पंजी-SDL-0019/2025

RNI-MPHIN/2008/24599



# फतवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ का लोकप्रिय समाचार पत्र

आपका विश्वास

**सुविचार**

ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करे बल्कि ध्यान भी लगाए। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में शुरू होगी भारत की पहली हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस

**नई दिल्ली।** भारत अपनी पहली हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा (एचईएमएस) देखने के लिए तैयार है, जो ऋषिकेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से संचालित होगी। एचईएमएस के माध्यम से, सरकार का इरादा हेलीकॉप्टरों का उपयोग करके देश भर में व्यापक आबादी तक चिकित्सा पहुंच और आघात देखभाल सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करना है। उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को उत्तराखंड हवाई अड्डे के नए एकीकृत हवाई अड्डे के निर्माण का आश्वासन दिया। सिंधिया ने पुष्टि की, 'एम्स ऋषिकेश से एचईएमएस के लिए अनुरोध चल रहा है, मेरी देखरेख में हेलीकॉप्टर असेंबली और प्रमाणन प्रगति पर है।' नई हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं (एचईएमएस) 150 किलोमीटर के कवरेज दायरे के साथ प्रोजेक्ट %संजीवनी% के तहत संचालित होंगी। एचईएमएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सिंधिया ने जोर देकर कहा, 'परिचालन के बाद, हेलीकॉप्टर एम्स ऋषिकेश में तैनात किए जाएंगे, जो 150 किमी के दायरे को कवर करेगा। इससे दुर्घटना पीड़ितों और रोगियों को पहाड़ी इलाकों से एम्स तक समय पर परिवहन सुनिश्चित होगा।' इसके अतिरिक्त , सिंधिया ने हिंडन एयर बेस से पिथौरागढ़ तक हवाई कनेक्टिविटी के लिए राज्य सरकार के अनुरोध का जवाब देते हुए एक और परियोजना शुरू करने की घोषणा की।

### महिला अपने दो बच्चों के साथ घर में बनी पानी की टंकी में कूदी, तीनों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के बालोतरा जिले के समदड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ घर में बने पानी के 'टांके' में कूदकर कथित आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी महेश गोयल ने बुधवार को बताया कि वालू गांव निवासी नखत कंवर (35) ने अपने दो बच्चों पूजा कंवर (9) और जोग सिंह (7) के साथ मंगलवार शाम को घर में बने पानी के टांके मे कूदकर कथित आत्महत्या कर ली। 'टांका' राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में पानी जमा कर रखने के लिए बनाई जाने वाली भूमिगत टंकी होती है। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर तीनों के शवों को पानी के टांके से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भिजवाया। उन्होंने बताया कि बुधवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिये गये। परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है। गोयल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक महिला मानसिक रूप से असंतुलित थी और संभवतया इसी के चलते उसने यह कदम उठाया है। वास्तविक कारणों का खुलासा जांच और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद चल पायेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मेरी मौत हुई तो मराठा, महाराष्ट्र को उसी तरह जला देंगे जैसे हनुमान ने लंका जलाई थी

**जालना।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार को बुधवार को चेतावनी दी कि यदि भूख हड़ताल के दौरान उनकी मौत हो जाती है तो मराठा समुदाय के सदस्य महाराष्ट्र को उसी तरह आग लगा देंगे, जैसे भगवान हनुमान ने लंका जलाई थी। जरांगे के एक नजदीकी कार्यकर्ता ने बताया कि जरांगे का अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को पांचवें दिन भी जारी है जिसके कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है लेकिन वह चिकित्सकों को अपनी जांच नहीं करने दे रहे। जरांगे मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समूह में शामिल करने की मांग को लेकर महाराष्ट्र के जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। कार्यकर्ता किशोर मरकड ने जरांगे के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में कहा, ''जरांगे का अनिश्चितकालीन अनशन पांचवें दिन भी जारी है और उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। उनकी नाक से खून बह रहा है, लेकिन वह चिकित्सकों को अपनी जांच नहीं करने दे रहे।'' उन्होंने कहा कि वह न तो पानी पी रहे हैं और न ही दवाएं ले रहे हैं। जरांगे ने मांग की है कि कुनबी मराठा समुदाय के 'सगे-संबंधियों' से जुड़ी मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने के लिए महाराष्ट्र विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाया जाए। जरांगे ने प्रदर्शन स्थल पर संवाददाताओं से कहा, ''रामायण में भगवान हनुमान ने पूंछ से लंका में आग लगा दी थी। अगर मैं इस प्रदर्शन के दौरान मर गया तो मराठा, महाराष्ट्र को लंका बना देंगे।'' उन्होंने यह भी धमकी दी कि महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई भी सार्वजनिक सभा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने मराठा समुदाय के सदस्यों से बुधवार को जालना में मराठा संगठनों द्वारा बुलाए गए शांतिपूर्ण 'बंद' में शामिल होने की अपील की।

### 15 फरवरी को 12 बजे से 4 बजे तक रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान

# पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर डटे किसान

**नई दिल्ली। किसान संगठन बीकेयू एकता उगराहां ने कहा कि वह आंदोलनकारी किसानों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच 4 घंटे के लिए रेलवे यातायात बाधित करेगा। 14 फरवरी को दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ था क्योंकि पुलिस ने किसानों के प्रस्तावित दिल्ली मार्च के कारण सिंघू और टिकरी सीमाओं पर बैरिकेड्स की कई परतें लगा दी थीं और वाहनों की आवाजाही रोक दी थी। वहीं, गाज़ीपुर सीमा पर विनियमित तरीके से वाहनों की आवाजाही की अनुमति है।**




किसानों के विरोध प्रदर्शन के जवाब में देश की राजधानी में धारा 144 लागू कर दी गई है। किसानों के %दिल्ली चलो% आंदोलन के जवाब में, हरियाणा सरकार ने 13 फरवरी को सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और थोक एसएमएस सेवाओं पर प्रतिबंध दो दिन बढ़ाकर 15 फरवरी तक कर दिया। दिल्ली में किसानों के जारी प्रदर्शन के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 14 फरवरी को कहा कि किसान यूनियन के साथ सकारात्मक बातचीत की कोशिश जारी है। सैकड़ों किसान बुधवार सुबह एक बार फिर अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

इसे भी पढ़ें- झारखंड में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का दूसरा चरण रद्द, क्या किसान आंदोलन बना वजह ?

पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर बैरिकेड हटाने का नये सिरे से प्रयास किया।

### किसानों के प्रदर्शन के बीच बोले अर्जुन मुंडा

## आम जनजीवन को बाधित ना करें, हम चर्चा करने के लिए तैयार



किसानों का विरोध प्रदर्शन बुधवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गया, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार है। उन्होंने किसानों से चर्चा के लिए उपयुक्त माहौल बनाए रखने की भी अपील की। पत्रकारों से बात करते हुए अर्जुन मुंडा ने आज कहा, हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं। हमें सभी पक्षों को ध्यान में रखकर बातचीत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं किसान संघ से अनुरोध करता हूं कि वे चर्चा का माहौल बनाए रखें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि किसान संघ के साथ सकारात्मक चर्चा करने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों को ये समझना होगा कि जिस कानून की बात की जा रही है। उस कानून के बारे में इस तरीके से कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता जिससे बाद के दिनों में सबके लिए बगैर सोची समझी स्थिति के बार में लोग आलोचना करें।

### विधायकों को बस में बुलाया और... हिमंत बिस्वा ने बताई राहुल गांधी की असम यात्रा की कहानी



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य में उनकी पार्टी के विधायकों को विधानसभा नहीं चलने देने की धमकी दी थी। सरमा ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, गांधी ने असम के सभी कांग्रेस विधायकों को अपनी शानदार बस में बुलाया और उनसे कहा कि या तो मुख्यमंत्री को 'फाड़ दें' या पांच से 15 साल के लिए पार्टी से निलंबित होने के लिए तैयार रहें। हालाँकि, उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों के समर्थन से सदन शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। सरमा ने एक वीडियो साझा करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक कहानी सुनें - जब राहुल गांधी असम आए, तो उन्होंने सभी कांग्रेस विधायकों को अपनी शानदार बस में बुलाया और उन्हें धमकी दी कि असम विधानसभा को काम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हमने उसे एक उपहार भी दिया। अब कांग्रेस विधायक सरकार का समर्थन कर रहे हैं और सदन को शांतिपूर्ण ढंग से चलने दे रहे हैं। पिछले महीने जब कांग्रेस की यात्रा असम से गुजरी तो राहुल गांधी और हिमंत बिस्वा सरमा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई।

## सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन, राहुल-प्रियंका भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को राजस्थान से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। लोकसभा चुनाव से पहले सिर्फ दो महीने बचे हैं, ऐसे में गांधी का राज्यसभा जाना एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम है। इससे साफ हो गया कि वह अब उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ने जा रही हैं। अपने बच्चों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा और विपक्ष के नेता टीकाराम जूली सहित पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ, सोनिया ने विधानसभा भवन में अपना नामांकन दाखिल किया। अपना नामांकन दाखिल करने से पहले, सोनिया गांधी ने आगामी चुनावों पर चर्चा करने और अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन जुटाने के लिए विधानसभा की विपक्षी लॉबी में पार्टी विधायकों के साथ बैठक की। कांग्रेस पार्टी राजस्थान से तीन राज्यसभा सीटों में से एक को सुरक्षित करने के लिए अनुकूल स्थिति में है, सोनिया गांधी को पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा छोड़ी गई रिक्त सीट को भरने की उम्मीद है, जो अप्रैल में अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। निर्वाचित होने पर, लोकसभा सांसद के रूप में पांच कार्यकाल पूरा करने के बाद यह उच्च सदन में सोनिया गांधी का पहला कार्यकाल होगा। 77 साल की उम्र में, उन्होंने अगला आम चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है, वह 1999 से लोकसभा में रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

### पश्चिम बंगाल में जंगलराज, भाजपा का आरोप- टीएमसी के गुंडों के टेप से बंद है ममता बनर्जी का मुंह



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भाजपा ममता बनर्जी की सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। वहां लगातार छठे दिन प्रदर्शन हो रहा है। मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा संदेशखाली में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा की घोषणा को रद्द करने के बाद राज्य सरकार ने संदेशखाली के कुछ हिस्सों में धारा 144 फिर से लागू कर दी। भाजपा ने एक बार फिर से ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता । गौरव भाटिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हमारी जनजातीय बहनों (खासकर हिंदू बहनों) के साथ टीएमसी के गुंडे दिनदहाड़े शोषण और बलात्कार कर हैं और सूबे की मुख्यमंत्री मूकदर्शक बनी हुई हैं, ये बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ममता सरकार बलात्कारियों को संरक्षण दे रही है। पश्चिम बंगाल में जंगलराज चल रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जंगलराज लोगों के उत्पीड़न और शोषण का बेशर्म अड्डा बन गया है। हमारी बहनों के साथ बलात्कार और दुर्व्यवहार हो रहा है, लेकिन ममता दीदी मूकदर्शक बनकर खड़ी हैं! टीएमसी के गुंडों के टेप से ममता का मुंह बंद है।

### फ्रस्ट्रेशन में हैं मल्लिकार्जुन खड़गे, गिरिराज सिंह बोले-

## राहुल गांधी को लॉन्च कर रहे पर लॉंचिंग पैड ही खराब हो गया



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी पर मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उनपर पलटवार किया है। गिरिराज ने साफ तौर पर कहा कि मोदी की गारंटी जनता ने दे दी है। उन्होंने खड़गे पर हमला करते हुए कहा कि वह कुछ भी सोचें लेकिन लोगों की नजर में पीएम मोदी सबसे लोकप्रिय नेता हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे अब फ्रस्ट्रेशन में हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह राहुल गांधी को लॉन्च करना चाहते थे लेकिन लॉन्चिंग पैड में कुछ दिक्कतें होने के कारण उन्हें लॉन्च नहीं किया जा सका। भाजपा नेता ने सवाल करते हुए कहा कि क्यों नहीं कांग्रेस ने शौचालय बना दिया? क्यों नहीं कांग्रेस ने पानी गांवों में पहुंचा दी? क्यों नहीं कांग्रेस ने सिलेंडर दे दिया? क्यों नहीं कांग्रेस ने घर बना दिया? गिरिराज सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो लगातार काम करते हैं। जनता में भी उनकी लोकप्रियता इसलिए है कि जनहित में देश के प्रधानमंत्री ने काम किए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि लोगों को मोदी की गारंटियों पर विश्वास नहीं करना चाहिए। खरगे ने कहा, मैं छत्तीसगढ़ से घोषणा करना चाहता हूं कि किसानों के लिए फसलों की व्यापक खरीद के साथ एमएसपी की कानूनी गारंटी हमारी गारंटी है (आगामी लोकसभा चुनावों के लिए)।

### कांग्रेस को एक और झटका, लाल बहादुर शास्त्री के पोते ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे पास आ रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस को झटका लगता जा रहा है। एक के बाद एक नेता पार्टी का साथ छोड़ रहे हैं। अब पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, भाजपा का हाथ थाम लिया। विभाकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट के जरिए अपने इस्तीफे का एलान किया है। विभाकर ने अपने ट्वीट में बताया कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। विभाकर शास्त्री की बात करें तो उन्होंने उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर साल 1998 में चुनाव लड़ा था. जबकि इसके बाद साल 1999 और साल 2009 में भी वो चुनावी मैदान में उतरे। लेकिन तीनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अगर अतीत में जाकर देंखे तो साल 2009 में संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने बाहरी नेताओं को तो गले लगाया था, लेकिन विरासत लेने के प्रयास को ठुकरा दिया था।

### अरविंद केजरीवाल को ईडी का छठा समन

## पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए नया और छठा समन जारी किया है। जानकारी के मुताबिक, केजरीवाल को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक पिछले पांच महीनों में संघीय एजेंसी द्वारा जारी किए गए पांच समन में शामिल नहीं हुए थे। इस बीच, ईडी द्वारा पिछले समन पर नहीं हाजिर होने को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। कथित अवैध शराब घोटाला मामले में समन मिलने के बाद ईडी ने 3 फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट में,क्क प्रमुख के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ??ने कहा था कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत, जांच एजेंसियों को जांच के दौरान किसी भी व्यक्ति को बुलाने की शक्ति है, जिसकी उपस्थिति सबूत देने या रिकॉर्ड पेश करने के लिए आवश्यक मानी जा सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट का सम्मान नहीं करते केजरीवाल



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आश्चर्य और नाराजगी व्यक्त की कि आम आदमी पार्टी (आप) बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को मूल रूप से आवंटित भूमि पर अतिक्रमण कर रही है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, 'कोई राजनीतिक दल उस जमीन पर कुंडली मारकर कैसे बैठ सकता है? उच्च न्यायालय इसका उपयोग किस लिए करेगा? केवल जनता और नागरिकों के लिए। फिर हाईकोर्ट को जमीन क्यों आवंटित की गई?' पीठ ने कहा कि जमीन दिल्ली उच्च न्यायालय को वापस की जानी चाहिए। इसी को लेकर भाजपा आम आदमी पार्टी पर हमलावर हो गई है।

## राजनीति

### पल्लवी पटेल ने बढ़ाई अखिलेश यादव की टेंशन

# राज्यसभा चुनाव में सपा के पक्ष में नहीं करेंगी वोट, लगाया बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।** स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) की सहयोगी अपना दल (कमेरावादी) नेता पल्लवी पटेल 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ाती दिख रही हैं। खबरों के मुताबिक, पल्लवी पटेल समाजवादी पार्टी के राज्यसभा चुनाव उम्मीदवारों से खुश नहीं हैं और हो सकता है कि वोटिंग के दौरान उनका समर्थन न करें। समाजवादी पार्टी ने जया बच्चन, रामजीलाल सुमन और आलोक रंजन समेत तीन नेताओं को राज्यसभा के लिए नामांकित किया। बताया जा रहा है कि पल्लवी पटेल जया बच्चन और आलोक रंजन के नामांकन से खुश नहीं हैं। पहले जयंत चौधरी, फिर स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद अगर पल्लवी पटेल अपना रुख कामय रखती हैं तो यह समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के लिए यह बड़ा झटका होगा।

स्वामी प्रसाद मौर्य के पार्टी पद छोड़ने और एसपी पर %भेदभावपूर्ण% होने का आरोप लगाने के एक दिन बाद, अपना दल (कमेरवादी) ने अब राज्यसभा के लिए एसपी के उम्मीदवारों के चयन पर अपना विरोध व्यक्त किया है। अपना दल नेता और सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि वह सपा के राज्यसभा प्रत्याशियों का विरोध करेंगी।

पटेल ने 2022 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य को हराकर विधानसभा चुनाव जीता था। पल्लवी ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवारों के बीच पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्याक) की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया।



▪ डॉ. मोहन यादव

# जन जातीय जन-मन कल्याण के प्रेरक प्रधानमंत्री मोदी

आज मध्यप्रदेश हर्षित है, उत्साहित है। देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झाबुआ में आयोजित जन जातीय सम्मेलन को संबोधित करने पधार रहे हैं। आज का दिन विशिष्ट है। आज पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि है जो समर्पण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन ही हमारे लिए पाथेय है। समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर समाज और सरकार को कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले पं. दीनदयाल जी उपाध्याय का पूरा जीवन समर्पण का प्रतीक था।

यह ऐतिहासिक संयोग है कि आज के ही दिन संथाल परगने में क्रांतिकारी जनजातीय नायक वीर तिलका मांझी का जन्म हुआ था। जनजातीय समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री जी का स्नेह, समर्पण और सम्मान हम सब जानते हैं। उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार किया और झाबुआ आने पर सहमति दी। झाबुआ साधारण क्षेत्र नहीं है। पराधीनता का सल्तनत काल हो या अंग्रेजीराज, इस क्षेत्र के वनवासी बंधुओं ने निरंतर संघर्ष भी किया औरवहां आने वाले प्रत्येक क्रांतिवीर को संरक्षण भी दिया। यह क्षेत्र क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जन्मभूमि रही है। आज प्रधानमंत्री जी के झाबुआ आगमन परमध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से मैं उनकाहृदय से स्वागत करता हूं।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि जनजातीय समाज के जल, जंगल और जमीन पर आंच न आये तथा उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किये जाये। उन्होंने देश के 11 करोड़ से अधिक जनजातीय बंधुओं के हितों को संरक्षण प्रदान किया है। इसीलिए आज जनजातीय समाज स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित भारत के चार अमृत स्तंभज्ञ्रह अर्थात् ग से गरीब, ड्ड से युवा, स से अन्नदाता और ह्व से नारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह विकसित भारत के लिए प्रधानमंत्री जी का ज्ञान का सम्मान मंत्र है। प्रधानमंत्री जी के जनजातीय कल्याण के संकल्प की सिद्धि और विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है।

वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विगत दिनों निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुखद परिणाम सामने आए हैं।यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्यकी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के प्रतिमान स्थापित कर रहा है। हम रामराज्य की परिकल्पना और विकसित भारत निर्माण दोनों को ही आकार लेते देख रहे हैं। चित्रकूट तथा ओरछा सहित प्रदेश की सीमाओं में संपूर्ण रामवनगमन पथ के सर्वांगीण विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।प्रधानमंत्री जी नेसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास नारा दिया है। उनके मार्गदर्शन में हर गरीब और वंचित को सुविधाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सब मिलकर सबके लिये कार्य करें, उनके इसी मंत्र को आत्मसात कर मध्यप्रदेश में हम काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शनमें मध्यप्रदेश में केन-बेतवा परियोजना की तरह पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय वर्ग के विकास के लिए अनेक पहल की हैं। उन्होंने श्रीअन्न के उपयोग पर जोर दिया,



इससे समूची दुनिया में श्रीअन्न का प्रचलन बढ़ा। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना शुरू की। इसमें कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि के उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की अतिरिक्त राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाएगी। प्रदेश के 14 जनजातीय बाहुल्य जिलों में जहां बैगा, भारिया और सहरिया विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग निवासरत हैं, वहां आहार अनुदान योजना से लगभग 29 करोड़ 11 लाख रुपए का लाभ दिया है।

देश की 75 विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजना आरंभ की है। इससे बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातियों के जीवन में बदलाव लाने का कार्य होगा। प्रदेश के 89 जनजातीय विकासखण्डों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में ग्राम स्तर तक राशन पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना लागू की गई है। सिकलसेल रोग की रोकथाम के लिए हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन लागू कर सि

कल सेल स्क्रीनिंग, रोकथाम, प्रबंधन, जैनेटिक काउंसलिंग एवं जन-जागरुकता का कार्य कियागया है।

प्रधानमंत्री जी ने जनजातियों के स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज रक्षक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवसके रूप में घोषित कर जनजातीय समुदाय का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश में जनजातीय जननायकों की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के लिए स्मारक और संग्रहालय बन रहे हैं। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति, पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम टंट्या मामा के नाम पर रखा गया है। इन्दौर में भंवरकुआं चौराहे पर टंट्या मामा की मूर्ति स्थापित की गई। साथ ही इस चौराहे का नामकरण भी टंट्या मामा के नाम पर किया गया। छिन्दवाड़ा विश्वविद्यालय का नामकरण राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय और मंडला मेडिकल कॉलेज का नामकरण राजा राजा हृदय शाहमेडिकल कॉलेज किया गया है। यह नामकरण स्वाधीनता औरजनजातीय चेतना का प्रमाण है। इसी क्रम मेंसंत शिरोमणि पूज्य रविदास जी की पावन स्मृति में प्रदेश के 30 अनुसूचित जाति बाहुल्य जिलों में संत रविदास स्मारक-सह-सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य जारी है।

जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिये समर्पित प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से मध्यप्रदेश में जनजातियों के उत्थान के लिये कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। नई शिक्षा नीति लागू करने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी रहा है। जनजातीय युवाओं को स्व-रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिये प्रदेश में भगवान बिरसा मुण्डा स्व-रोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना आदि लागू की गई है। इसी के साथ प्रदेश में जनजातीय युवाओं के कौशल विकास के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था है।

प्रदेश में गौण वनोपजों के प्रबंधन का अधिकार अब ग्राम सभा को सौंपा गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 3 हजार रुपए प्रति बोरा से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति बोरा किया गया। इससे 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को लगभग 165 करोड़ रुपए का लाभ होगा। जनजातीय बहुल क्षेत्रों में औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए देवारण्य योजनालागू की गई है। पेसा अधिनियम से प्रदेश में जल, जंगल, जमीन के अधिकार देने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मध्यप्रदेश सरकार जो निर्णय ले रही है,वह भविष्य के संकल्पों को पूरा करने के लिए मोदी जी की गारंटी है। मोदी जी के मन में मध्यप्रदेश है, इसीलिए मुझे पूरी उम्मीद है कि जब भारत विश्व का विकसित राष्ट्र बनेगा तब मध्यप्रदेश भारत के प्रांतों में अग्रणी होगा।

आइए, अमृतकाल में अमृतपथ पर आगे बढ़ते हुए हम सभी विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लें।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

## मोदी के 'चार सौ पार' के दावे में गुंथे सियासी प्रबंधन के तार..!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी तथा विपक्षी तथा दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान से समझा जा सकता है। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। भले ही चुनाव पूर्व किए जा रहे ओपीनियन पोल के नतीजे अभी इस दावे को दूर की कौड़ी ही बता रहे हों। बहरहाल, भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है। नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति मूलतः सत्ता का खेल है और कुर्सी ही इसका अंतिम साध्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे बखूबी समझते हैं। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है। आज क्या हासिल होगा, यही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। कल क्या होगा, भावी इतिहास इसका आकलन किस रूप में करेगा, नीति शास्त्र में उसे कहां जगह मिलेगी, नियम-कानूनो की लक्ष्मण रेखाओं की सुविधाजनक व्याख्या कैसे की जाएगी, आज लोकतंत्र की आधारभूत संस्थाओं के हाथ किसे सेल्यूट कर रहे हैं, जैसे सवाल आगे भी उठेंगे लेकिन मोदी राजनीति शास्त्र में इन सवालों की चिंता किए बगैर बहुतांश की जनाकांक्षा को किस भाव से पढ़ा जाए और उसे किस तरह अपने पक्ष में मोड़ा जाए, यह हिकमत ही नया पॉलिटिकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है।



▪ विष्णुदत्त शर्मा

# अमृतकाल में जनजातीय समुदाय की आकांक्षाओं का हो रहा है सम्मान

आजादी का ये अमृतकाल, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का काल है। भारत की आत्मनिर्भरता, जनजातीय भागीदारी के बिना संभव ही नहीं है। भारत की सांस्कृतिक यात्रा में जनजातीय समाज का योगदान अटूट रहा है। गुलामी के कालखंड में विदेशी शासन के खिलाफ खासी-गारो आंदोलन, मिजो आंदोलन, कोल आंदोलन समेत कई संग्राम हुए। गोंड महारानी वीर दुर्गावती का शौर्य हो या फिर रानी कमलापति का बलिदान, देश इन्हें भूल नहीं सकता। वीर महाराणा प्रताप के संघर्ष की कल्पना उन बहादुर भीलों के बिना नहीं की जा सकती जिन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर महाराणा प्रताप के साथ लड़ाई के मैदान में अपने-आप को बलि चढ़ा दिया था।

हम इस ऋण को कभी चुका नहीं सकते, लेकिन इस विरासत को संजोकर, उसे उचित स्थान देकर, अपना दायित्व जरूर निभा सकते हैं। जिसकी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मई, 2014 में जब प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी ने दायित्व संभाला, उसी दिन से जनजातीय समाज के उत्थान के प्रयास शुरू कर दिए थे। देश में 110 से अधिक जिले ऐसे थे, जो हर क्षेत्र में पिछड़े हुए थे। पहले की सरकार बस उनकी पहचान कर के छोड़ देती थी। मोदी जी की सरकार ने इन जिलों को आकांजिला घोषित किया। इन जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे अनेक विषयों पर शून्य से काम शुरू करके सफलता के नए आयाम स्थापित किये। हाल ही में महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने कहा कि, ÷सबका साथ, सबका विकास सिर्फ एक नारा नहीं है, यह मोदी जी की गारंटी है।÷ और निश्चित ही भारत सरकार आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास÷ के आदर्शों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत आदिवासी समाज को, देश के विकास में उचित भागीदारी दी जा रही है। मुझे याद है, 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में अमृतकाल के 25 वर्ष में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चार अमृत मंत्र दिए थे। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने 24 हजार करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान-पीएम जन मन का शुभारंभ किया, जिसमें 75 विशेषरूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पोषण तथा आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाना है। जनजातीय गौरव दिवस पर ही प्रधानमंत्री जी ने सामाजिक न्याय तथा सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था,जिसमें गांव-गांव तक पहुंचकर हर गरीब, हर वंचित को सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जनजातीय सशक्तीकरण के संकल्प स्वरूप ही श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी राष्ट्रपति निर्वाचित हुई हैं, जो भारतीय लोकतंत्र की एक अविस्मरणीय घटना है। हमारे देश में जनजातीय समाज को शीर्ष पर प्रतिनिधित्व देने में भी देश को सात दशकों की लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी। हम लोगों ने यह भी देखा है जब जनजातीय समाज से आने वाले तुलसी गौड़ा जी, राहीबाई,



सोमा पोपेरे जैसे महानुभावों को जब पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया गया, तब वे राष्ट्रपति भवन के लाल कालीन पर नंगे पांव पहुंचे और भारतवर्ष समेत समूचे विश्व ने तालियां बजाई क्योंकि स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने साधारण दिखने वाली इन असाधारण हस्तियों का सम्मान किया था। देश की कुल जनसंख्या में आदिवासियों की संख्या नौ प्रतिशत है। किंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके उत्थान के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए। पहली बार एनडीए की श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1999 में एक अलग मंत्रालय बनाने के साथ ही 89 वें संविधान संशोधन के माध्यम से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना की। अटल जी ने जो शुरुआत की थी, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उसे बहुआयामी गति दी है और लंबे समय तक हाशिये पे रहा जनजातीय समुदाय आज विकास की मुख्यधारा का हिस्सा है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय को दिशा मिली है। हम सब जानते हैं कि वनवासियों के साथ बिताए समय ने ही एक राजकुमार को मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उस कालखंड में प्रभु राम ने वनवासी समाज से जो प्रेरणा पाई थी और उसी से उन्होंने सबको साथ लेकर चलने वाले रामराज्य की स्थापना की। प्रधानमंत्री जी भी प्रभु राम के राज्य से प्रेरणा प्राप्त कर जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में ही प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा में आदिवासी बच्चों की सहभागिता बढ़ी है। पहले केवल 90 'एकलव्य विद्यालय' खुले थे, जबकि 2014 से 2022 तक मोदी सरकार ने 500 से अधिक 'एकलव्य विद्यालय' स्वीकृत किए। देश में नए केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। 'आयुष्मान भारत योजना' में करीब 91.93 लाख लाभार्थी जनजातीय वर्ग से ही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आदिवासियों के लिये 65.54 लाख आवासों के लिये स्वीकृति दी जा चुकी है। स्वच्छता मिशन में जनजातीय वर्ग के 1.48 करोड़ घरों में शौचालय बन हैं। जल जीवन मिशन के तहत आदिवासी क्षेत्रों में करीब 1.35 करोड़ घरों में पाइप के जरिये जलापूर्ति हो रही है।1 करोड़ से अधिक जनजातीय किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जनजातीय कार्य मंत्रालय प्रति वर्ष 35 लाख जनजातीय छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। लगभग 90 लघु वन उत्पादों पर सरकार एमएसपी दे रही है। 80 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में सवा करोड़ से अधिक सदस्य जनजातीय समाज से हैं और इनमें भी बड़ी संख्या महिलाओं की है। आदिवासियों के बनाए उत्पादों को नया मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है।जनजातीय समाज द्वारा उत्पादित मोटा अनाज आज भारत का ब्रांड बन रहा है। साथ ही कौशल भारत मिशन, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार जनजातीय समुदाय को विकसित भारत की इस यात्रा में सम्मिलित कर रही है।सही मायने में हम यह कह सकते हैं कि अमृतकाल में जनजातीय समुदाय की आकांक्षाओं का सम्मान हो रहा है।

**लेखक-भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद हैं।**

# महान विभूतियों में से एक थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने व्यक्ति, परिवार,समाज, और देश को समग्र परिवेश में देखा, वे सच्चे अर्थों में भारतीयता के जीवंत प्रतीक और एक परिपूर्ण मानव थे, पंडित जी एक ऐसे निष्काम कर्मयोगी थे जिन्होंने राजनीति में रहते हुए राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था, पंडित उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का जो सिद्धांत दिया है,वह जीवन के सभी सुखों का मूल मंत्र है,यह भारतीय दर्शन, भारतीय संस्कृति और भारतीय विचार का आज के युग के लिए अनुकूल समुच्चय है जो आगे आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा,यह सिद्धांत समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति के हित में कार्य करने का है, पंडित उपाध्याय का दर्शन एक ऐसा दर्शन है जो हमें हमारी संस्कृति और सभ्यता से जोड़ता है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म उत्तर प्रदेश के चंद्रभान नामक ग्राम के एक साधारण से परिवार में 25 सितंबर 1916 को हुआ था ,आप की माता का नाम रामप्यारी एवं पिता का नाम भगवती प्रसाद था, उपाध्याय जी के बाल्यकाल में ही माता पिता का साया उनके सिर से उठ गया था, फलत बचपन के उन सुहाने दिनों से वंचित हो गए ,जब खेलने और खाने की जगह उन्हें अभावों में जीना पड़ा,यही वजह थी, कि बचपन में ही कठिन परिस्थितियों से संघर्ष की और व्यावहारिक शिक्षा ग्रहण कर लेने के बाद जीवन में उन्होंने संघर्ष से कभी मुंह नहीं मोड़ा, पिता के निधन के पश्चात इनके नाना चुन्नीलाल उन्हें अपने गांव धनकिया ले आए ,जब नाना नौकरी छोड़ कर अपने पैतृक घर गुड़की मंडई आ गए, तो वे नाना के साथ गुडकी मंडई आ गए ,दीनदयाल जी के 9 वर्ष के होने के बाद भी उनके अध्ययन की कोई संमुचित व्यवस्था नहीं थी अतः वे अपने मामा राधारमण के पास आ गए जो कि गंगापुर में सहायक स्टेशन मास्टर के पद पर पदस्थ थे, गंगापुर आने के पश्चात 1925 में उनकी शिक्षा विधिवत प्रारंभ हुई,वे गंगा पुर में 4 वर्ष तक रहे, गंगापुर में इससे आगे पढ़ाई की व्यवस्था नहीं होने से, अतः 2 जून 1929 को उन्होंने कोटा के एक स्कूल में दाखिला ले लिया , कक्षा 5 से 7 तक की पढ़ाई उन्होंने कोटा में की इसके बाद की पढ़ाई के लिए वे,राजगढ़ आ गये मामा राधारमण के चचेरे भाई नारायण शुक्ला राजगढ़ में स्टेशन मास्टर थे, आठवीं की शिक्षा प्राप्त करने के लिए दाखिला लिया, उन्होंने अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय अंकगणित के कठिन सवालो का जवाब पलक झपकते ही देकर दिया, जब वे 9 वी कक्षा में पढ़ रहे थे उस दौरान उनके पास दसवीं के विद्यार्थी भी उनसे गणित के सवाल हल करवाने आते थे,उनकी ख्याति एक मेधावी छात्र के रूप में फैल गई थी, नारायण शुक्ला का19 34 में स्थानांतरण सीकर हो गया,इस कारण उन्हें सीकर जाना पड़ा, उन्होंने दसवीं की परीक्षा सीकर कल्याण हाईस्कूल से दी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए,वह विधार्थी जीवन में हमेशा उच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण होते रहे

**मुकेश तिवारी**

,इसी कारण सीकर के महाराजा कल्याण सिंह ने उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया,10रपये माहवार छात्रवृत्ति और पुस्तको आदि के लिए 250की राशि पारितोषिक के रूप में दी,उस दौर में पिलानी उच्च शिक्षा का प्रसिद्ध केन्द्र था, दीनदयाल इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए 1935मे पिलानी चले गए उन्होंने यह सभी परीक्षाएं विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की ,बीए की पढ़ाई के लिए कानपुर आ गए कानपुर में किराए का मकान लेकर दो वर्ष तक रहे,इसके पश्चात वे प्रयाग चले आए,25 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक उपाध्याय जी राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर रहे, कानपुर में अध्ययन करते वक्त अपने सहपाठी कालूजी महाशबदे के माध्यम से वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए, कानपुर में संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार से उनकी भेंट हुई,बाबा साहब आपके के दादा राव परमार्थ इनके छात्रावास में ही रुकते थे,इनकी दीनदयाल जी से बहुत बातें होती थीं, स्वातंत्र्य वीर सावरकर जब कानपुर आए तो दीनदयाल जी ने उन्हें शाखा पर आमंत्रित कर बौद्धिक वर्ग करवाया, कानपुर में सुन्दर सिंह भंडारी भी उनके सहपाठी थे, कानपुर में इस विधार्थी जीवन से ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सार्वजनिक जीवन की शुरुआत हो गयी थी हालांकि संघ के शारीरिक कार्य कार्यक्रमो को दीनदयाल जी बेहतर ढंग से नहीं कर पाते थे मगर बौद्धिक परीक्षा में वे सदैव अव्वल रहते थे, दीनदयाल उपाध्याय जी ने सन् 1939 में सनातन धर्म कॉलेज कानपुर से बीए की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की ,यही नहीं,एम ए अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा में भी ,उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया , हालांकि बीमारी की वजह से वे एम ए उतरार्द्ध की परीक्षा नहीं दे सके, मामा जी के अनुरोध करने पर वे प्रशासनिक परीक्षा में बैठे, उत्तीर्ण हुए और साक्षात्कार में भी वे चुन लिए गए लेकिन उन्होंने प्रशासनिक नौकरी करने में कतई दिलचस्पी नहीं दिखाई, अतः वे बीटी करने के लिए प्रयाग चले गए उनकी अध्ययनशीलता सार्वजनिक जीवन में जाने के पश्चात प्रखरतम होती चली गई ,कालांतर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भारतीय राजनीति ने जो जीवन उभरा वह उनका ऋषि व्यक्तित्व था,वे ताउम्र अविवाहित रहे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वे राजनीतिक क्षेत्र में गए और भारतीय जन संघ के महामंत्री बने ,उनकी विलक्षण प्रतिभा को देखकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि मुझे दो दीनदयाल जी मिल जाए तो मैं भारतीय राजनीति का मानचित्र बदल के रख दूंगा, भारतीय जनसंघ की स्थापना के दो वर्ष भी पूर्ण नहीं हो पाए थे काश्मीर आंदोलन के दौरान 23जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हो गया, आजाद भारत के नवगठित राजनीतिक दल का भार पूर्ण तौर पर 36 वर्षीय दीनदयाल उपाध्याय जी के कंधे पर आ गया,वे निरंतर17 सालों तक भारतीय जन संघ के महामंत्री रहे और 18 में वर्ष में जन संघ के अध्यक्ष बने लेकिन नियति ने उन्हें हमसे छीन लिया, दीनदयाल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था, वे सामान्य व्यक्ति,सक्रिय कार्यकर्ता कुशल संगठक, प्रभावी नेता एवं विचारक थे समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री, राजनीति विज्ञानी एवं दार्शनिक एव अच्छे वक्ता थे ,किसी भी विषय पर अच्छी प्रकार से अभ्यास और विभिन्न कोणों से उस पर विचार व्यक्त करने के उपरांत ही अपना कोई मत व्यक्त करते थे ,उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की झलक कुछ उदाहरणों से पता चलती है।

**प्रेरणा**

## युवकत्व की पहचान

मनुष्य स्वतंत्र संकल्प का स्वामी होता है। उसका संकल्प जैसा होता है, व्यक्तित्व भी वैसा ही नाझमत हो जाता है। सृजन और ध्वंस के संस्कार मनुष्य के भीतर होते हैं। उन संस्कारों को वह संकल्पशक्ति के सहारे बदल सकता है। जिस व्यक्ति में विधायक भावों की प्रचुरता होता है वह ध्वंसात्मक संस्कारों को सृजनशीलता में बदल लेता है। निषेधात्मक भाव व्यक्ति को क्रूरता, हिंसा, अनुशासनहीनता, असदाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। जिस राष्ट्र और समाज में हिंसा का बोलबाला होता है, रास्ते चलते बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है, वह उस राष्ट्र और समाज का दुर्भाग्य होता है। उस दुर्भाग्य से बचने के लिए अहिंसक शक्तियों को जगाने और संगठित बनाने की जरूरत है। यह सच है कि हिंसक वारदातें आदमी के मन में दहशत पैदा कर देती हैं। दहशत की स्थिति में कोई भी व्यक्ति न तो सही ढंग से सोच सकता है और न ही अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सकता है।



भयोत्पादक परिस्थितियों का प्रभाव बच्चों और वृद्धों पर अधिक होता है। युवकों में भय की मात्रा कम होती है। वे जान-बूझकर खतरों को मोल लेते हैं। उनकी मानसिकता साहसिक काम करने की रहती है, किंतु इसमें भी विवेक की अपेक्षा है। विवेक के अभाव में युवक कुछ ऐसे काम कर लेता है, जो उसे उम्र से कई वर्ष आगे ढकेल कर जर्जर बना देते हैं। देश की युवा पीढ़ी सही अर्थ में अपने यौवन को सुरक्षित रखना चाहे और कोई कीर्तिमान स्थापित करना चाहे तो उसे प्रतिस्रोतगामी बनना होगा। अनुस्रोत में बहना सरल होता है।



प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से महाराष्ट्र की बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शाह को लिखे पत्र में चतुर्वेदी ने एक दिन पहले स्थानीय शिवसेना (यूबीटी) नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या और इस महीने की शुरुआत में पड़ोसी ठाणे जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा एक पुलिस थाने में की गई गोलीबारी का ज़िक्र किया।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम से भिड़ा निगरानीशुदा बदमाश, किया हंगामा



भोपाल | गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के पास स्थित रूप नगर में अतिक्रमण हटाने गई टीम के साथ वहां का एक निगरानीशुदा बदमाश बहस करने लगा। जब निगम कर्मचारियों ने उसका कब्जा हटाने की कोशिश की तो उनके खिलाफ कार्रवाई में भेदभाव करने का आरोप लगाया। साथ ही अपने स्वजनों को भी मौके पर बुला लिया।

नरेला विधानसभा के अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान ने बताया कि रायसेन रोड के किनारे रूप नगर बस्ती है। वहां कुछ लोगों ने सड़क के किनारे तक टपरे बना लिए थे। यहीं, लल्लू रईस नाम के एक निगरानीशुदा बदमाश का भी अतिक्रमण था। जब इसे हटाने की कार्रवाई शुरू हुई तो वह बहस करने लगा।

हालांकि, एक वर्ष पहले भी जिला प्रशासन के निर्देशन में यहां से अतिक्रमण हटाया गया था। लेकिन फिर से उसने अतिक्रमण कर लिया था। जिसे सोमवार को बलपूर्वक हटाया गया। इसके साथ रूप नगर में एक मैकेनिक व एक अन्य अतिक्रमण को हटाया। वहीं, प्रभात चौराहे के पास कार बाजार व आसपास के अन्य अतिक्रमण हटाए गए।

# चोरी करने के लिए बदमाश कार से करता था रेकी, बाद में गेंती से तोड़ता था मकान का ताला

**बागसेवनिया टीआइ अमित सोनी ने बताया कि दोनों आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि चोरी करने के लिए वह सफेद रंग की कार से रेकी करते थे।**

भोपाल | बागसेवनिया पुलिस ने रायसेन जिले के एक शातिर चोर विनोद कुशवाह को गिरफ्तार किया है। वह पिछले छह माह से चोरी की घटनाएं कर रहा था। चोरी करने के लिए उसने इस बार नई कार भी खरीदी थी। किसी को उस पर शक न हो इसलिए वह कार से कालोनियों में घुसकर सूने मकान की रेकी करता था। रात में चोरी करने कार लेकर साथी के साथ पहुंचता था और मकान के दरवाजे पर लगे ताले को गेंती से तोड़ देता था।

आरोपित भोपाल के बागसेवनिया, कटाराहिल्स, पिपलानी व देवास के औद्योगिक क्षेत्र के सूने मकानों में चोरी की वारदात करते थे। इससे पहले यह चोर कोलार में 40 और पिपलानी में सात चोरियां करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। छूटने के बाद वह फिर से चोरी की वारदात कर रहा था। उसने अपने साथ भोपाल के एक चोर को भी शामिल कर लिया था, जिसका काम था उसे सूने मकानों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाना।

चोरी के बाद कार से इंदौर भाग जाते थे - चोरी करने के बाद वह कार से इंदौर भाग जाता था। इंदौर में उसने रोबोट चौराहा थाना खजराना में पिंटू भैय्या का मकान किराये पर ले रखा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके पास से 20 लाख का चोरी का माल भी बरामद किया है। साथ ही उस कार को भी जब्त कर लिया है, जिसका उपयोग वह चोरी करने के लिए करता था।

इन इलाकों में लगातार चोरी की वारदातें - पिछले महीनों में शिक्षक कांग्रेस कालोनी, नारायण नगर, अमराई परिसर, सिल्वर स्टेट, विश्वकर्मा मंदिर, कटाराहिल्स और पिपलानी में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। इन घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने पुलिस उपायुक्त के साथ बैठक कर इस गिरोह को जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

तलाश कर रही थी पुलिस - इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में थी। इसी दौरान पुलिस को एक सीसीटीवी मिला, उसमें पुलिस को शातिर चोर कटीघाटी मोहल्ला सतलापुर रायसेन निवासी 25 वर्षीय विनोद कुशवाह नजर आया। उसकी लोकेशन सतलापुर की मिली, उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी कंचननगर अवधपुरी निवासी 27 वर्षीय नमन वनवाले के बारे में बताया। पुलिस ने बाद में उसे भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों ने पूछताछ में चोरी करने की बात कबूल कर ली।

कार को सूने मकान से 500 मीटर पर छोड़ देते थे - बागसेवनिया टीआइ अमित सोनी ने बताया कि दोनों आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि चोरी करने के लिए वह सफेद रंग की कार से रेकी करते थे। वह बागसेवनिया, कटाराहिल्स सूनी कालोनियों में चोरी करने के लिए दिन में रेकी करते थे और रात में सूने मकान से करीब 500 मीटर दूर कार को बंद कर खड़ी कर देते थे।

नई कार भी खरीद ली थी - चोरी करने में परेशानी न हो तो विनोद कुशवाह ने खुद नई कार भी खरीद ली थी। बाद में गेंती से सूने मकानों के ताले तोड़ देते थे और घर में घुसकर चोरियां करते थे। इधर, आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद उसके पास से सोने चोदी के हार, अंगूठियां, सोने की बाली, सोने की चेन, सोने के सिक्के, पायल, चांदी के सिक्के और कार समेत करीब 20 लाख का माल बरामद किया है।

# प्रोफेसर कालोनी में सेवानिवृत अधिकारी के घर से पांच घंटे के अंदर 20 लाख की चोरी

**घटना के समय एक शादी समारोह में शामिल होने गया था परिवार। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज से सुराग तलाशने की कोशिश कर रही है।**

भोपाल | शहर की पाश प्रोफेसर कालोनी में एक सेवानिवृत्त अधिकारी के घर से बदमाशों ने पांच घंटे के अंदर नकदी, जेवर सहित करीब 20 लाख का माल चोरी कर लिया। घटना के समय वह परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज से सुराग तलाशने की कोशिश कर रही है। पुलिस को इस वारदात में किसी ऐसे व्यक्ति का हाथ होने का संदेह है, जो अधिकारी के घर से वाकिफ है।

यह है मामला - श्यामला हिल्स थाना पुलिस के अनुसार प्रोफेसर कालोनी में रहने वाले 83 वर्षीय एमएन खान पीएचई विभाग से चीफ इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सोमवार को उनके परिचित के यहां शादी थी। समारोह लालघाटी क्षेत्र स्थित एक शादी गार्डन में अयोजित था। रात करीब नौ बजे वह परिवार के साथ शादी में शामिल होने चले गए थे। घर के मुख्य दरवाजे में उन्होंने ताला नहीं लगाया था, लेकिन अंदर के दरवाजे पर वह ताला लगाकर गए थे। रात करीब एक बजे वह वापस घर लौटे तो अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर रखी अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। अज्ञात लोगों ने अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखी नकदी के अलावा सोने के जेवर चोरी कर लिए। कमरे में रखा अन्य कीमती सामान सुरक्षित रखा रहा। उन्होंने लगभग 20 लाख रुपये की चोरी होने की संभावना जताई है।

करीबी व्यक्ति के शामिल होने का शक - श्यामला हिल्स थाना प्रभारी रामविलास विमल ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए जा रहे हैं। अज्ञात लोगों ने वारदात के दौरान दरवाजे के ताला तोड़ने के बाद सिर्फ उसी अलमारी को निशाना बनाया है, जिसमें नकदी और कीमती सामान रखा था। पुलिस अज्ञात आरोपितों की तलाश कर रही है।

**• मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज ओडिशा के कटक में चार लोकसभा सीटों की क्लस्टर बैठक में हुए शामिल। • शिवराज ने कहा कि मैं मध्य प्रदेश का मामा हूं तो ओडिशा का भी मामा ही हूं। • शिवराज ने मंगलवार को प्रसिद्ध मां सरला मंदिर, मां चंडी मंदिर में पूजा अर्चना कर दर्शन किए। • शिवराज ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग देश को जात-पात में बांटना चाहते हैं।**

## शिवराज सिंह चौहान बोले-

# देश को बढ़ाना है तो तीसरी बार मोदी सरकार चाहिए



भोपाल | नवीन बाबू की सरकार आउटसोर्स सरकार बन गई है। नवीन बाबू झूठी ब्रांडिंग के फेर में हैं, इसलिए सड़क पर हर चौथा होर्डिंग उन्हीं का है। बीजेडी सरकार ने भ्रष्ट अधिकारियों को ओडिशा की पावन भूमि सौंपी है। देश को आगे बढ़ाना है तो केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार चाहिए। नरेन्द्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करना है। यह बात मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा के कटक में चार लोकसभा सीटों जगतसिंहपुर, कटक, जाजपुर और केंद्रपड़ा की क्लस्टर बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया। शिवराज ने कहा कि मैं मध्य प्रदेश का मामा हूं तो ओडिशा का भी मामा ही हूं। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ में होने हैं, लोकसभा चुनाव भी जीतेंगे और विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत प्राप्त कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे।

एक दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचे शिवराज ने मंगलवार को प्रसिद्ध मां सरला मंदिर, मां चंडी मंदिर में पूजा अर्चना कर दर्शन किए। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गांव चलो अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता की, पौधारोपण, चाय पर चर्चा की और भाजपा कार्यकर्ता के घर भोजन भी किया। शिवराज ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग देश को जात-पात में बांटना चाहते हैं।

मोदी के तीसरे कार्यकाल में हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। जिन अंग्रेजों ने भारत पर राज किया

भारत ने उनको भी पीछे छोड़ दिया है। महिलाओं के अत्याचार के मामले में ओडिशा शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। ओडिसा के विकास के लिए केंद्र व प्रधानमंत्री की जन-कल्याणकारी योजनाओं का भी ठीक ढंग से इम्प्लीमेंट नहीं किया जा रहा है। पैसा मोदी भेजते हैं और नवीन पटनायक अपना ठप्पा लगा देते हैं।

# लागत घटाने के साथ फ्यूल सेल की कार्यक्षमता बढ़ाएगी नवीन तकनीक, आइसर के विज्ञानियों का नवोन्मेष

**आइसर के विज्ञानियों ने ऐसी विशेष झिल्ली तैयार की है, जो फ्यूल सेल में इस्तेमाल होने पर ऊर्जा की बचत भी करेगी। नवीन तकनीक युक्त बैटरी मोबाइल से लेकर ई-वाहनों तक के लिए होगी उपयोगी।**



भोपाल | विश्व में स्वच्छ ऊर्जा को लेकर चल रहे शोध कार्यों के बीच भोपाल के भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर) के विज्ञानियों ने ऐसी तकनीक विकसित की है, जो कम लागत में ऊर्जा की बचत से फ्यूल सेल की कार्यक्षमता भी बढ़ाने में मदद करेगी। इस तकनीक के अंतर्गत एक प्रोटान एक्सचेंज मेम्ब्रेन (झिल्ली) तैयार की गई है, जो फ्यूल सेल में प्रयोग की जा सकेगी। नई झिल्ली वाले सेल का उपयोग कई तरह के उपकरणों को संचालित करने के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल, कार, रोबोट और मोबाइल फोन की बैटरी में किया जा सकता है। आइसर के विज्ञानियों का यह शोध अमेरिकन केमिकल सोसाइटी के एप्लाइड पालीमर मैटेरियल्स जर्नल में 2023 में प्रकाशित किया जा चुका है।

परीक्षण के नतीजे उत्साहजनक - अभी तक बैटरी में लगने वाले सेल में नेफिओन 117 मेग्नेन नामक झिल्ली का उपयोग किया जाता है, जिसे बनाने में हानिकारक रसायनों का प्रयोग होता है। इसके अलावा यह झिल्ली महंगी भी है। इसी के विकल्प के तौर पर आइसर के रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग में विज्ञानियों ने प्रोटान एक्सचेंज मेंब्रेन तैयार की है। विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. परमिता दास का कहना है कि प्रयोगशाला स्तर पर इस झिल्ली का परीक्षण उत्साहजनक रहा है। औद्योगिक स्तर पर उत्पादन होने पर यह कम खर्च में तैयार हो सकेगी।

ऐसे कम रहती है लागत - डा. परमिता दास के अनुसार प्रोटान एक्सर्वेज मेंब्रेन साल्यूशन कास्टिंग तरीके से बनाई गई है, जिससे लागत कम रहती है। शोध में शामिल रहे पीएचडी के छात्र पंकज कुमार का कहना है कि नेफिओन 117 मेंब्रेन की औसत कीमत 10-11 हजार रुपये प्रति 100 वर्ग सेंटीमीटर होती है। जबकि नई झिल्ली प्रयोगशाला स्तर पर करीब 20 रुपये प्रति वर्ग सेंटीमीटर तक में उत्पादित की जा सकती है। अब इस तकनीक को बाजार में लाने के लिए संस्थान की तरफ से प्रयास किए जा रहे है। डा. दास बताती हैं कि पेटेंट के लिए आवेदन कर दिया गया है। पेटेंट मिलने के बाद आइसर के इन्क्यूबेशन सेंटर की मदद से इस तकनीक को किसी कंपनी के साथ करार करके बाजार में लाया जाएगा।

हमारी फैक्शनल नैनोकंपोजिट्स लैबोरेटरी के विज्ञानियों ने यह शोध किया है। अभी जिस मेंब्रेन का उपयोग फ्यूल सेल में किया जाता है, उसकी तुलना में नई मेब्रेन न केवल लागत घटाएगी बल्कि ऊर्जा की बचत से फ्यूल सेल की कार्यक्षमता में वृद्धि भी करेगी। • डा. परमिता दास, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी, आइसर भोपाल

यह शोध बहुत फायदेमंद साबित होगा। ऊर्जा उत्पादन के लिए इस मैग्रेन का कम लागत में उपयोग किया जा सकेगा। इस संबंध में हो रहे अन्य शोध को भी यह नई दिशा देगा। ▪ - गोवर्धन दास, निदेशक, आइसर

# मेडिकल विद्यार्थियों के लिए बीएमएचआरसी में स्थापित हुआ एडवांस्ड वायरलेस कार्डियक लाइफ सिस्टम

**एक एडवांस्ड मैनिक्विन (डमी) के जरिए विद्यार्थियों को यह सिखाया जाएगा कि अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती किसी मरीज की कैसे जांच की जाए या उसके इलाज के लिए क्या तरीका अपनाया जाए।**



भोपाल | करोंद इलाके में स्थित भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में पढ़ रहे मेडिकल विद्यार्थियों को मरीजों के उपचार से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए एक एडवांस्ड वायरलेस कार्डियक लाइफ सिस्टम (एसीएलएस) स्थापित किया गया है। इसे अस्पताल के एनेस्थीशियोलाजी विभाग में लगाया गया है। यहां एक एडवांस्ड मैनिक्विन (डमी) के जरिए विद्यार्थियों को यह सिखाया जाएगा कि अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती किसी मरीज की कैसे जांच की जाए या उसके इलाज के लिए क्या तरीका अपनाया जाए। सोमवार को बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डा मनीषा श्रीवास्तव ने इस एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम का उद्घाटन किया।

इस तरह काम करता है सिस्टम - उन्होंने बताया कि यह मैनिक्विन आमतौर पर मिलने वाले डमी से अलग है। किसी आम मरीज की तरह ही इस मैनिक्विन में भी पल्स, हृदयगति, एयरवे आदि की जांच की जा सकती है। यह मैनिक्विन एक मानिटर से जुड़ा होता है, जिसमें पल्स, हार्टबीट आदि दिखाई देती हैं। इसका नियंत्रण सीनियर डाक्टर के हाथ में होता है, जो अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से स्टूडेंट्स को जांच और इलाज के तौर-तरीके सिखाता है। किसी मरीज को इन्ट्यूबेट कैसे किया जाता है, यह भी इस मैनिक्विन के जरिए सिखाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीएमएचआरसी अब एक चिकित्सकीय शैक्षणिक संस्था के तौर पर विकसित हो रहा है। ऐसे में एसीएलएस सिस्टम स्टूडेंट्स की लर्निंग में बहुत मददगार होगा। इससे मरीजों को भी गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा।

बीएमएचआरसी के प्रभारी अधीक्षक और एनेस्थीशियोलाजी विभाग के प्रमुख डा अनुराग यादव ने बताया कि हम डॉक्टर्स के अलावा नर्सिंग और पैरामेडिकल के स्टाफ और स्टूडेंट्स को भी एसीएलएस के बारे में प्रशिक्षित करेंगे। वहीं पूरे स्टाफ को बेसिक लाइफ़ सिस्टम (बीएलएस) का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बैरागढ़ में तालाब के आसपास पनप रही झुग्गियों पर सिंधी सेंट्रल पंचायत ने जताई चिंता, सीएम से लगाएंगे गुहार



भोपाल | संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में तालाब के किनारे की सरकारी जमीन पर लगातार कब्जा होता जा रहा है। यहां हाल ही में बनी नई झुग्गियों में कई संदिग्ध लोग रहने लगे हैं। सिंधी सेंट्रल पंचायत ने इस पर चिंता प्रकट की है। पंचायत ने इस संबंध में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से मुलाकात करने का निर्णय लिया है।

इन मसलों पर हुई चर्चा - सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंदूभाई इसरानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तालाब किनारे सरकारी जमीन पर लगातार झुग्गियां बनने पर चिंता प्रकट की गई। पंचायत के सचिव रमेश हिंगोरानी ने कहा कि संदिग्ध लोगों के कारण यहां की कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। इसके अलावा वन ट्री हिल्स क्षेत्र में गांधीनगर सुधार गृह निर्माण समिति को शेष 52 भूखंड का कब्जा दिलाने, समाप्त हो चुकी लीज नवीनीकरण एवं सिंधी विस्थापितों को उनकी प्रापर्टी का मालिकाना हक दिलाने के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात करने एवं विधायक को साथ लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

# भोपाल में युवा कांग्रेस का हल्ला बोल, विधानसभा घेराव करने निकले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका, वाटर कैनन, आंसू गैस का किया इस्तेमाल

**पुलिस ने युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया समेत लगभग 30 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।**




भोपाल | मप्र कांग्रेस की युवा इकाई मंगलवार को विधानसभा का घेराव करने जा रही है। राजधानी में लिंक रोड 01 पर स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कांग्रेस के युवा नेताओं समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी पहुंचे। विधानसभा घेराव करने के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास भी भोपाल पहुंचे हैं। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उपनेता हेमंत कटारे और मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया भी शामिल हैं।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जैसे ही विधानसभा का घेराव करने निकले, पुलिस ने उन्हें मार्ग में ही आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कुछ कांग्रेस नेताओं की पुलिसकर्मियों से झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर केनन से पानी की बौछार की और हल्का बल प्रयोग भी किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास बैरिकेड पर चढ़ गए। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। पुलिस ने आंसू गैस का भी इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया। इस दौरान पुलिस ने युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया समेत लगभग 30 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

29 में से 16 टिकट 50 साल से कम आयु वालों को देंगे : जीतू पटवारी - इससे पहले पार्टी कार्यालय में युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कुल 29 में से 16 सीट 50 साल से नीचे की युवाओं को देंगे। इन 16 में से आठ टिकट सिर्फ युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मिलेंगी। जीतू ने कहा कि जो अपने स्वार्थ के लिए दल बदलने को तैयार है उनके लिए कांग्रेस पार्टी में जगह नहीं है। उन्होंने मोहन सरकार पर हमला बोला और कहा कि मध्य प्रदेश की आर्थिक हालत खराब है, इसलिए बहनों को 3000 रुपये प्रतिमाह नहीं दे सकते। गेहूं की फसल आएगी तो युवक कांग्रेस किसानों को प्रति क्विंटल 2600 रुपये मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश भर में प्रदर्शन करेगी।

शिवाजी नगर चौराहे पर पुलिस ने पानी की बौछारें मार कर कार्यकर्ताओं को रोका - कांग्रेस के लगभग 2000 कार्यकर्ता जैसे ही विधानसभा घेराव के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से विधानसभा की ओर बढ़े तो शिवाजी नगर चौराहे पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पानी की बौछारें मारी गईं।

संक्षिप्त समाचार

## रामा परते बनी मध्यप्रदेश टीम की गोल्डन गर्ल ऑल इंडिया नेशनल मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप




**फतवा जिला ब्यूरो चीफ अनवर खान मंडला।** ऑल इंडियन नेशनल मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप हैदराबाद तेलंगाना में बाल योगी स्टेडियम में 8 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक आयोजित की गई, जिसमें मध्य प्रदेश टीम से रामा परते 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रामा परते ने बेहतर प्रदर्शन कर पाँच मेडल जिसमें दो गोल्ड मेडल, दो सिल्वर मेडल व एक ब्रांज मेडल हासिल किया। रामा परते को ब्लाक, जिला व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने पर मध्यप्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, विधायक निवास चैन सिंह वरकड़े, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय कुशराम, उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, निवास पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, जिला पंचायत सदस्य शिव पूषाम, कलेक्टर डॉ सालोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला खेल अधिकारी रवींद्र ठाकुर, आदिम जाति कल्याण विभाग अधिकारी विजय तेकाम, जनपद पंचायत मोहगाँव अध्यक्ष गत सिंह भवेदी, उपाध्यक्ष शिव कुमार मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ अजीत बर्वा, समस्त जिले वासियों ने रामा परते को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित किये।

## ब्यौहारी में 13, जयसिंहनगर में, 14, और गोहपारू में 15 फरवरी को आयोजित होंगे रोजगार मेले

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने जानकारी दी है कि जिले में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के विकासखण्ड ब्यौहारी के ब्यौहारी जनपद परिसर में 13 फरवरी को, विकासखण्ड जनसिंहनगर के जयसिंहनगर जनपद परिसर में 14 फरवरी को, विकासखण्ड गोहपारू के गोहपारू जनपद परिसर में 15 फरवरी को, विकासखण्ड बुढ़ार के बुढ़ार जनपद परिसर में 16 फरवरी को एवं विकासखण्ड सोहागपुर के सोहागपुर जनपद परिसर में 17 फरवरी 2024 को रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए भर्ती प्रबंधक के मोबाईल नम्बर 8707815095, 7509781949 में सम्पर्क कर सकते हैं।

## तड़के हुई भारी ओलावृष्टि, फसलें तबाह, गाड़ियों के सीसे टूटे, कई घरों को भी हुआ नुकसान



**फतवा न्यूज कटनी।** जिले में आज तड़के भारी ओलावृष्टि होने से चारों तरफ तबाही जैसा मंजर नजर आने लगा। सुबह लगभग 4:30 बजे ओलावृष्टि होने से जहां कई वाहनों के शीशे फूट गए, घरों की खिड़कियां टूट गई वहीं किसान की फसल खेतों में तबाह हो गई। कटनी में ओलावृष्टि लगातार दो दिनों से हो रही है जिसके चलते फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि तड़के हुई ओलावृष्टि के कई घंटे बाद भी खेतों में ओले की मोटी परत फसल के ऊपर नजर आ रही है। ओला वृष्टि के कारण रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। मुख्य तौर पर चना, गेहूं, मसूर, राई, सहित इस सीजन में बोई जाने वाली सभी फसलों और साग सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि के कारण साग सब्जियों की फसल खराब होने का असर आज से ही सब्जी बाजार में दिखने लगेगा। अचानक हुई ओलावृष्टि के बाद अब सब्जियों की कीमत आसमान छूने लगेगी। ओलावृष्टि के बाद फसलों के उत्पादन पर भी गहरा असर पड़ने की संभावना है। किसानों का कहना है कि प्रदेश सरकार को इस और ध्यान देते हुए किसानों को ओला पाला से राहत दिलाने के लिए मुआवजा दिलाना चाहिए।

# भाई और जीजा ने हत्या कर युवक को जंगल में दफनाया, 30 दिन बाद गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे थाने, पुलिस को हुआ संदेह तो खुल गया सारा राज

**फतवा न्यूज कटनी। उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिछले करीब एक महीने से लापता युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। युवक की हत्या उसके सगे भाई ने अपने जीजा के साथ मिलकर की थी और उसकी लाश गांव से कुछ दूरी पर जंगल में दफना दी। मामला तब उजागर हुआ जब भाई के गुमशुदा होने की रिपोर्ट करने 30 दिन बाद दूसरा भाई थाने पहुंचा। पुलिस ने जरा सी सख्ती दिखाई तो आरोपी भाई ने खुद ब खुद हत्याकांड के राज उगल दिए।**



मामला सामने आने के बाद पुलिस ने पहले आरोपियों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया और आरोपियों की निशानदेही पर जंगल में जाकर लाश बरामद कर ली। पुलिस पूरे मामले की सूक्ष्मता के साथ जांच कर रही है। इस घटना से पूरे उमरियापान क्षेत्र में हडक़म्प मच गया है।

उमरियापान थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक के पास निवासी 25 वर्षीय युवक अमन उर्फ पंडा मिश्रा लगभग 30 दिन से लापता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की लाश को क्षेत्र से दो-चार किलोमीटर की दूर जंगल में गड्ढे में दफनाया गया था। जबलपुर से फॉरेंसिंग टीम को भी बुलाया गया। टीम के अधिकारियो ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक अमन मिश्रा की हत्या उसके सगे भाई और जीजा ने 13 जनवरी को कर दी थी और लाश को गड्ढे में दफनाकर इत्मिनान से घूम रहे थे।

**गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने से पुलिस को हुआ संदेह :** पुलिस ने बताया कि युवक 30 दिन से लापता था और परिजनों के द्वारा कल रविवार को ही पुलिस थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सूत्रों की मानें तो रिपोर्ट दर्ज करवाने के दौरान ही पुलिस को गहरा संदेह हुआ और कड़ाई से पूछताछ की तो हत्या का सारा राज खुल गया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और लाश को गड्ढे से बाहर निकलवा कर शव परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

**मृतक शराब के नशे में परिजनों से करता था मारपीट :** मोहल्ले वालों का कहना है कि मृतक युवक अमन उर्फ पंडा मां बहन और छोटे भाई से आए दिन शराब के नशे में बुरी-बुरी गालियां देता था और मारपीट भी करता था। जबकि मृतक की बहन की शादी पिछले वर्ष क्षेत्र से लगे बरेली गांव में ही हुई थी। संभवत- इन्हीं समस्याओं से परेशान होकर छोटे भाई और जीजा ने मिलकर अमन उर्फ पंडा की हत्या करने की योजना बनाई हो। बहरहाल पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और कड़ाई से पूछताछ कर हत्या में और कितने लोग शामिल हैं इसकी जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

**बका और कट्टे से फायर कर की हत्या :** स्थानीय सूत्र बताते हैं की उमरियापान पुलिस ने संदेह के आधार पर जिस युवक को पकड़ कर पूछताछ की है उसने पूछताछ के दौरान हत्याकांड का खुलासा करते हुए यह बताया कि उन लोगों ने मृतक के ऊपर धारदार बके से हमला करने के अलावा देशी कट्टे से भी फायर किया था। पुलिस मृतक का शो परीक्षण करते हुए मृत्यु के कर्म का पता लगाने के काम में जुट गई है। बताया जा रहा है कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को उमरिया पान पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

# एसपी हेल्पलाईन के माध्य से थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही 46.02 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त

**डिण्डौरी।** पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम की पहल पर एसपी हेल्पलाईन नबंर जारी किया गया है उक्त हेल्पलाईन में कॉल के माध्यम से प्राप्त शिकायत के माध्यम से तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली को निर्देशित किया गया तत्पश्चात थाना प्रभारी अनुराग जामदार द्वारा टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही कर ग्राम किसलपुरी आरोपी के होटल के पीछे बने नये मकान के अंदर कमरे से दो पेटी शराब जिसमें प्लेन 202 पाव प्रत्येक 180 एमएल कीमती प्रत्येक पाव 65 रूपये, एक सीमेंट की बोरी मे




जीनियस व्हिस्की 14 पाव प्रत्येक 180 एमएल कीमती प्रत्येक पाव 110 रूपये, रम 12 पाव प्रत्येक 180 एमएल कीमती प्रत्येक पाव 110 रूपये, एमडी रम 9 पाव प्रत्येक 180 एमएल कीमती प्रत्येक पाव 220 रूपये, एमडी व्हिस्की 3 पाव प्रत्येक 180 एमएल कीमती प्रत्येक पाव 150 रूपये, कुल 240 पाव अंग्रेजी शराब जुमला 43.2 लीटर कीमती 18420 रूपये मिली जिसको रखने के संबंध में आरोपी से दस्तावेज चाहे गये जो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया एवं दस्तावेज नही होना बताया, उक्त शराब को मौके के साक्षी उपरोक्त की उपस्थिति मे विधिवत जप्त किया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (ए) आबकारी का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अनुराग जामदार सउनि विपिनचंद्र जोशी, प्र.आर.351 प्रवीण खम्परिया, प्र.आर. 259 भानुलाल रोतेल एवं आर.350 नीलेश साहू की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

2 लाख से भी अधिक हो गई शहर छतरपुर की आबादी

# हर रोज 35 टन निकल रहा कचरा बढ़ा रहा है प्रदूषण

**छतरपुर।** केवल देश और प्रदेश ही नही बल्कि अब सरकार और प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान पर जोर दे रहा है। लंबे समय से जनजागरण हो रहा है और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के निष्पादन के लिए भी लाखों रूपये खर्च कर नगरीय निकायों ने संसाधन भी जुटा रखे है। महज जिला मुख्यालय में सूत्रों के अनुसार फिलवक्त दो लाख से भी अधिक की आबादी हो चुकी है और प्रतिदिन करीब 35 टन कचरा लोगों के घरों और दुकानों से निकल रहा है। जिसके निष्पादन में हो रही लापरवाही ने शहर में प्रदूषण के खतरे को बढ़ा दिया है।

**आमजनता को भरोसा नही परिणाम चाहिए :** शहर का आम नागरिक भी जानता है कि उनकी अपनी जिले की सबसे बड़ी नगरपालिका ने नगर के प्रत्येक वार्डो में रहने वाले नागरिकों के घर-घर कचरा गाडिय़ां भेजकर कई वर्षो से कचरा संग्रहण की व्यवस्था कर रखी है। इतना ही नही प्रतिदिन शहर से करीब 35 टन निकलने वाले कचरे के निष्पादन के लिए कचरा प्रसंस्करण केंद्र भी ले जाया जा रहा है।

# देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी हो रहे परेशान

**खजुराहो।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के प्रमुख मार्ग पश्चिमी मंदिर समूह के नए प्रवेश द्वार से मतंगेश्वर मंदिर तिराहे तक तथा मतंगेश्वर मंदिर तिराहे से जैन मंदिर मार्ग स्थित पॉश इलाके में भारी वाहनों की वजह से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। जबकि इस इलाके में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी है फिर भी 22 चकों वाले सामान से लदे ट्रक आये दिन इस इलाके में बेरोकटोक घुस पड़ते हैं। जो न केवल पर्यटकों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं बल्कि सड़कें भी बर्बाद कर देते हैं। खजुराहो में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था पूर्व से निर्धारित है, लेकिन न तो स्थानीय प्रशासन और न ही पुलिस प्रशासन ध्यान दे रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत शनिवार तथा रविवार को छुट्टी होने के कारण पर्यटक बड़ी संख्या में अपने वाहनों से खजुराहो आते हैं और इस दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है जिसके कारण यहां आनेवाले देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय क्षेत्रवासी भी परेशान हो जाते हैं,लोग चाहते हैं कि इस समस्या का अविलंब निराकरण निकलना चाहिए। गौरतलब है कि खजुराहो में इस समय सीजन ऑन है।

ये नगर की सड़कें हैं इनपर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है,ये यातायात पुलिस की जिम्मेदारी है,मैं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराउंगा।

**बसंत चतुर्वेदी, सीएमओ, खजुराहो**

मुझे आपसे जानकारी मिली है। मैं यातायात पुलिस को कार्यवाही हेतु निर्देशित करूंगा।

**बाल्मीकि चौबे, टीआई, खजुराहो**

# बैगा चक महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, डिण्डौरी

**डिंडौरी।** सोमवार दिनांक 12 फरवरी को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बैगा चक महिला किसान उत्पादक प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड का 14 करोड की लागत इकाई का मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते राज्यमंत्री कन्द्रीय इस्पात एंव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा कोदो कुटकी प्रसंस्करण इकाई का अनावरण सह लोकार्पण किया गया।



**योजना का परिचय :** बैगा चक महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, डिण्डौरी और मंडला जिले में कार्यरत महिला किसानों की कंपनी है। इस कंपनी की शुरूआत यहां की दस महिला किसानों ने सितम्बर 2020 में की थी, जो आज इस कंपनी की निदेशक है। इस कम्पनी को डे-एनआरएलएम और म.प्र. आजीविका मिशन द्वारा वित्तीय सहायता दिया गया है। एफ.डी.आर.व्ही.सी. जोकि डे-एनआरएलएम के अंतर्गत ही राष्ट्रीय सहयोग संस्था है, के द्वारा इस कम्पनी को सभी प्रकार की तकनीकी सहयोग दिया जा रहा है। इस कंपनी के सदस्य एवं शेयर धारक केवल महिला किसान ही है। कंपनी अपने शेयर धारकों को उनके शेयर के अनुपात में प्रमाण पत्र देती है और जब कंपनी भविष्य में मुनाफा कमाएगी तब अपने शेयर धारकों को उनके हिस्से के अनुरूप लाभांश देगी।

कंपनी केवल अपने महिला सदस्य किसानो के साथ व्यापार करती है। कंपनी पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उददेश्य से कंपनी अपने ग्राम स्तर पर संचालित फसल खरीद केन्द्रों पर अत्याधुनिक मशीन और संचार के माध्यमों का प्रयोग करते हुये फसल की सही गुणवत्ता और वजन के अनुरूप बाजार भाव के आधार पर संचालिकाओं के माध्यम से सदस्य किसानों से फसल खरीद किया जाता है। वर्तमान में कंपनी कोदो, कुटकी, मसूर और अलसी फसलों की खरीदी कर रही है। फसल खरीदी के बाद उसका भुगतान महिला किसानों को सीधा उसके बैंक खातें में 7 दिनों के अंदर हस्तांतरित कर दिया जाता है। कंपनी किसी भी प्रकार के अनावश्यक कटौती नहीं करती और उनको दिए गए पर्ची के अनुसार पूर्ण भुगतान करती है। भुगतान के चक्र की अवधि सात दिनों की होती है।

उप्लब्धि ़– कंपनी ने अपना कार्य की शुरूआत 2020 में 10 महिला सदस्यों के साथ शुरू किया था। वर्तमान में कंपनी 103 खरीदी केन्द्रों में कार्य कर रही है जिसमें 312 गांव सम्मलित है। अभी तक कंपनी में 10,125 महिला किसान पंजीकृत हो चुकी है। जिससे कंपनी प्रथम वर्ष 0.98 टन, द्वितीय वर्ष 132 टन, तृतीय वर्ष 697 टन एवं इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 701 टन फसलों की खरीदी हो चुकी है। जिसमें मुख्य रूप से कोदो, कुटकी, अलसी और मसूर फसल शामिल है

**प्रोसेसिंग प्लांट एवं प्रोडक्ट:-** कम्पनी ने अपने सदस्यों की मुनाफा में बढ़ोत्तरी के लिये ग्राम जोगी टिकरिया, डिण्डौरी में कोदो एवं कुटकी प्रसंस्करण सन्यंत्र की स्थापना की है जिसकी उत्पादन क्षमता 1 मैट्रिक टन प्रति घंटे है। कंपनी कान्हा भोज के नाम से कोदो और कुटकी का चावल बाजार में थोक एवं खुदरा विक्रय करेगी।

# नारी शक्ति वंदन संपर्क अभियान को लेकर महिला मोर्चा की बैठक संपन्न

**धार । केंद्रीय संगठन के निर्देशानुसार शक्ति वंदन संपर्क अभियान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष की सोमवार को आगामी कार्य योजना एवं व्यवस्था प्रभारी नियुक्त करने हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमनी,लोकसभा चुनाव संयोजक प्रभु राठौर,पूर्व मंत्री रंजना बघेल,पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर,अभियान संयोजक एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सौलंकी ने मार्गदर्शन करते हुए बैठक को संबोधित किया। इस दौरान लोकसभा विस्तारक ओम प्रकाश दरया, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा,अभियान सह प्रभारी अशोक जाट,पूर्व नपा अध्यक्ष ममता जोशी मंचासीन रहे।**






जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान से मोदी जी का यह उद्देश्य है कि देश में 1 करोड़ स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ तक संपर्क स्थापित कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना। इस नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रदर्शनीय आयोजित करना । विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित करना तथा जिला टोली में 15 सदस्य, विधानसभा टोली में 25 सदस्य बनाना है। आगामी दिनों में मंडल स्तर पर जिले में स्वयं सहायता समूह सम्मेलन करना। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना।

इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सोनू ठाकुर,नगर मंडल अध्यक्ष निशा शर्मा व डॉली जाधव,मोर्चा मीडिया प्रभारी श्वेता सोनी सहित मोर्चा जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मोर्चा जिला महामंत्री सुनीता दुबे व आभार सोनू ठाकुर ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# कलेक्टर के निर्देशन में पायलट प्रोजेक्ट के तहत उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में छतरपुर जिले में शिशु मृत्युदर एवं कुपोषण कम करने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण कार्यशाला का एक दिवसीय आयोजन सोमवार को ऑडिटोरियम छतरपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार द्वारा दीपप्रज्जवलन कर किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य संस्थागत एवं सामुदायिक हस्ताक्षेपों का क्रियांवयन कर स्तनपान तथा शिशु बाल आहार पूर्ति व्यवहारों पर निरंतर जन जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यशाला में जिले के जनपद पंचायतों के सीईओ, बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, सीडीपीओ, सीएचओ, सुपरवाइजर महिला बाल विकास, काउंसलर, ट्रैनर आरकेएसके, एफडी एनआरसी एवं मेडिकल ऑफिसर शामिल रहे। इस दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह, डीपीएम राजेन्द्र खरे सहित डीआईओ, डीएचओ उपस्थित रहे। कार्यशाला में आईआईटी मुंबई की डॉ. रूपल दलाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कुपोषित बच्चे, हार्ड अटैक, सुगर कोलेस्ट्रॉल सहित स्वस्थ रहने के विभिन्न तरीके बताये गए। उल्लेखनीय है कि उक्त पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत जिले के समस्त स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा ऑनलाइन एचएसटी वीडियो का उपयोग कर गर्भवती, धात्री माताओं के पोषण सुधार तथा शिशु एवं बाल आहारपूर्ति व्यवहारों पर मूलभूत उन्मुखीकरण किया जायेगा।

दिल्ली की अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित

## शरजील इमाम की जमानत पर 17 फरवरी को आएगा निर्णय



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने देशद्रोह मामले में शरजील इमाम की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा, 17 फरवरी को फैसला सुनाया जाएगा। शरजील इमाम का कहना है कि वो कथित अपराध के लिए अधिकतम सात साल कैद में से चार साल पहले ही जेल में काट चुका है। कोर्ट ने कहा कि अगर निचली अदालत उन्हें जमानत देने से इनकार करती है तो वो हाई कोर्ट में आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकते हैं। इमाम इस मामले में 28 फरवरी 2020 से जेल में बंद है। इससे पहले पूर्व जेएनयू छात्रा और कार्यकर्ता उमर खालिद ने फरवरी 2020 के पूर्वोत्तर दिल्ली दंगों के पीछे की साजिश में कथित संलिप्तता को लेकर आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका बुधवार को वापस ले ली और कहा कि वह अपनी कोशिश करेंगे। खालिद की जमानत याचिका 6 अप्रैल, 2023 से शीर्ष अदालत में लंबित थी और विभिन्न कारणों से कार्यवाही 13 बार स्थगित की गई थी। बुधवार को जैसे ही मामले की सुनवाई हुई, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ को खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि वह परिस्थितियों में बदलाव के कारण आवेदन वापस लेना चाहते हैं। सिब्बल ने कहा कि मैं कानूनी सवाल (यूएपीए प्रावधानों को चुनौती देने वाले) पर बहस करना चाहता हूं लेकिन परिस्थितियों में बदलाव के कारण जमानत याचिका वापस लेना चाहता हूं।

ट्रंप की आलोचना कर बोले राष्ट्रपति बाइडन

# पुतिन नाटो में शामिल देशों पर हमला करते हैं तो हम करेंगे रक्षा

**वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को नाटो के प्रति एक बार फिर अमेरिकी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना करते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह गठबंधन अमेरिका के लिए एक पवित्र प्रतिबद्धता है। दरअसल, यह गठबंधन डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति रहने के बाद मुश्किल में घिर गया था क्योंकि ट्रंप ने इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाया था।**



इतना ही नहीं, ट्रंप ने हाल ही में फिर से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन पर टिप्पणियां की थीं।

बाइडन ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, 'जब अमेरिका अपनी जुबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो उसे निभाते हैं और नाटो एक पवित्र प्रतिबद्धता है। डोनाल्ड ट्रंप इसे ऐसे देखते हैं जैसे यह कोई बोझ हो।'

बता दें, ट्रंप ने साउथ कैरोलाइना में हुई एक रैली में कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने के लिए कहेंगे, अन्यथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उन देशों पर हमला करने के लिए प्रेरित करेंगे। इतना ही नहीं, ट्रंप ने कहा था कि रूस उन नाटो सदस्यों के साथ 'जो करना चाहे, करें', जो रक्षा पर खर्च के अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाते हैं। गौरतलब है, नाटो सहयोगियों ने साल 2014 में 2024 तक रक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का दो फीसदी खर्च करने का संकल्प लिया था। नाटो के आकलन के मुताबिक, 2023 की शुरुआत तक उसके 30 में से 10 सदस्य दो फीसदी तक या उससे अधिक खर्च करने के करीब थे जबकि 13 देश 1.5 प्रतिशत या उससे कम खर्च कर रहे थे। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के सबसे प्रबल दावेदार ट्रंप की टिप्पणियों पर जो बाइडन ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, %ट्रंप के लिए सिद्धांत मायने नहीं रखते हैं। सब कुछ लेन-देन है। वह यह नहीं समझते कि हमने जो वादा किया है वह हमारे लिए भी काम करता है। बल्कि मैं ट्रंप और नाटो से बाहर निकलने की इच्छा रखने वाले लोगों को याद दिलाऊंगा कि अनुच्छेद पांच को हमारे नाटो के इतिहास में केवल एक बार लागू किया गया है और यह 9/11 हमले के बाद अमेरिका के साथ एकजुटता जताने के लिए किया गया था।' नाटो के पारस्परिक रक्षा खंड के अनुच्छेद पांच के तहत, सभी सहयोगी देश हमले की चपेट में आने वाले किसी भी सदस्य की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। बाइडन ने कहा, 'जब तक मैं राष्ट्रपति रहूंगा, अगर पुतिन नाटो में शामिल देशों पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र की एक-एक इंच की रक्षा करेगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रंप की टिप्पणियों को शर्मनाक और अमेरिका विरोधी बताया। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने में ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने भी पूर्व राष्ट्रपति की टिप्पणियों के लिए उनकी आलोचना की है।

एलन मस्क का दावा

## यूक्रेन युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो हो जाएगी उनकी हत्या



**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन युद्ध को अब करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया इंटरव्यू काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता। हाल ही में अमेरिकी सांसदों के सामने टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक एलन मस्क ने भी यही बात कही। मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। जिन सांसदों ने इस चर्चा में हिस्सा लिया, उनमें विस्कॉन्सिन के रॉन जॉनसन, ओहायो के जेडी वान्स, यूटाह के माइक ली के अलावा विवेक रामास्वामी और क्राफ्ट वेंचर्स के सह-संस्थापक डेविड सैक्स शामिल रहे। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि अमेरिकी नागरिक यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिकी संसद में लाए गए विधेयक को लेकर अपने प्रतिनिधियों से संपर्क करेंगे।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री के स्वास्थ्य में सुधार, अस्पताल से छुट्टी, जल्द संभालेंगे जिम्मेदारियां



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की तबियत में सुधार है। उन्हें मंगलवार को वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर से छुट्टी दे दी गई है। दरअसल, ऑस्टिन को प्रोस्टेट कैंसर है, जिसके इलाज के लिए एक सर्जरी की गई थी। अब वह जल्द ही अपने काम पर वापस लौटेंगे।

70 साल के ऑस्टिन दिसंबर में सर्जरी के बाद से ही स्वास्थ्य मुद्दों से जूझ रहे हैं। रविवार को हालत खराब होने पर उन्हें वाल्टर रीड वापस ले जाया गया। सोमवार को जनरल एनेस्थीसिया के तहत उनकी नॉन सर्जिकल सर्जरी की गई।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा, उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और आज शाम पांच बजे वह अपने कामकाज को फिर से शुरू कर रहे हैं। उप रक्षा सचिव, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ, व्हाइट हाउस को इसकी सूचना दे दी गई है।%आगे कहा गया, ऑस्टिन इस सप्ताह के अंत में पेंटागन में काम पर लौटने से पहले कुछ समय तक घर से ही काम करेंगे। ऑस्टिन 21 दिसंबर 2023 के बाद पहली बार मिनिस्ट्री पहुंचे थे। इस दौरान उनकी प्रोस्टेट कैंसर की सर्जरी हुई। वो दो बार हॉस्पिटल में एडमिट हुए। एक वक्त तो ऐसा आया जब करीब छह दिन तक राष्ट्रपति और संसद समेत उनके स्टाफ तक को जानकारी नहीं थी कि ऑस्टिन कहां हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और व्हाइट हाउस से इस बारे में सफाई मांगी गई। रिपब्लिकन पार्टी और यहां तक कि जो बाइडन की डेमोक्रेट पार्टी के कई सदस्यों ने ऑस्टिन को बर्खास्त करने की मांग की, लेकिन बाइडन ने कोई एक्शन नहीं लिया और इस तरह उनकी कुर्सी बच गई। 29 जनवरी को ऑस्टिन ने नाटो सेक्रेटरी जनरल जेन्स स्टोलनबर्ग से मुलाकात की थी।

## कांग्रेस ने की 6 उम्मीदवारों की घोषणा, अजय माकन को कर्नाटक से टिकट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को कर्नाटक से पार्टी नेता अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर को नामांकित किया। वहीं, मध्य प्रदेश से अशोक सिंह, तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को टिकट दिया गया है। 15 राज्यों से कुल 56 राज्यसभा सदस्य अप्रैल में सेवानिवृत्त होंगे, 27 फरवरी को चुनाव होंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और राजस्थान से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। भारत निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक से चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव की घोषणा की थी। चार में से तीन पर कांग्रेस जीत सकती है और पार्टी ने तीनों उम्मीदवारों के नाम जारी कर दिए हैं. नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है।

## सीएम योगी, यूपी लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की उपस्थिति में दाखिल किया पर्चा



**लखनऊ।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। बुधवार को विधान भवन में प्रत्याशी भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह आदि मौजूद रहे।

## पेंटागन ने कहा- भारत के साथ सैन्य संबंध अच्छे; पाकिस्तान चुनाव पर दी ये प्रतिक्रिया

**वॉशिंगटन।** पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि भारत-अमेरिका के बीच सैन्य से सैन्य संबंध और अच्छे संचार है। उन्होंने कहा कि भारत में जो भी कुछ हो रहा है अमेरिका इसपर नजर बनाए रखेगा। पाकिस्तान चुनावी नतीजों पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर बात करते हुए सबरीना सिंह ने कहा, भारत के साथ हमारे सैन्य संबंध और संचार बहुत अच्छे हैं। हम इस बात पर नजर रखना जारी रखेंगे कि क्षेत्र में क्या हो रहा है। लेकिन मेरे पास फिलहाल इसे लेकर ज्यादा अपडेट नहीं है। भारत के किसी शीर्ष अधिकारी का अमेरिकी दौरे पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मेरे पास फिलहाल भारत सरकार की तरफ से कोई जानकारी नहीं है। मैं इंटरजेंसी के अन्य अधिकारियों के बारे में बात नहीं कर सकती। पाकिस्तान में आठ फरवरी को चुनाव के बाद उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों पर सबरीना ने कहा, वहां क्या हो रहा है हम इस पर नजर बनाए हुए हैं। भारत और पाकिस्तान के साथ सैन्य संबंधों पर सबरीना का बयान तब आया जब भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे अमेरिका में चार दिन की आधिकारिक दौरे पर पहुंचे।

## एकनाथ शिंदे से मिलिंद देवड़ा को मिला गिफ्ट, शिवसेना ने दिया राज्यसभा का टिकट



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए मिलिंद देवड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है। देवड़ा, जो हाल ही में कांग्रेस से दशकों पुराने पारिवारिक संबंधों को तोड़कर सबसे पुरानी पार्टी में शामिल हुए हैं, गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मुंबई के राजनेता और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिवंगत मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद देवड़ा ने शिवसेना में शामिल होने के अपने फैसले को सही ठहराया और आरोप लगाया कि सबसे पुरानी पार्टी अपनी वैचारिक और संगठनात्मक जड़ों से भटक गई है, जाति विभाजन को बढ़ावा दे रही है और व्यावसायिक घरानों को निशाना बना रही है। मिलिंद देवड़ा ने साफ तौर पर कहा था कि कांग्रेस अब वैसी नहीं है जैसी 1968 में हुआ करती थी जब मेरे पिता शामिल हुए थे, या 2004 में जब मैं शामिल हुआ था।

# अमेरिका में घर पर मृत मिला भारतीय-अमेरिकी दंपती का शव, दो जुड़वा बच्चे भी मृत मिले, जांच में जुटी पुलिस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, खबर है कि एक भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।



स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई।

पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था।

## राशन घोटाले में ईडी की कार्रवाई, कोलकाता के प्रमुख व्यवसायी को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** 24 घंटे से अधिक समय तक तलाशी अभियान चलाने के बाद, प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बंगाल में कथित राशन वितरण घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यवसायी विश्वजीत दास को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने मंगलवार सुबह कोलकाता के साल्ट लेक में प्रभावशाली व्यवसायी विश्वजीत दास के आवास पर तलाशी शुरू की। शुरुआत में दास घर पर नहीं थे। ईडी के अधिकारियों ने दास से फोन पर संपर्क किया और वह रात में पहुंचे। फिर उन्होंने तलाशी के साथ-साथ उससे पूछताछ भी शुरू कर दी। पूछताछ आज सुबह तक चली।

इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। ईडी सूत्रों का दावा है कि व्यवसायी सहयोग नहीं कर रहा था और जांच के दौरान उसके जवाबों में कई विसंगतियां पाई गईं। दास का आयात-निर्यात का बड़ा कारोबार है और वह एक प्रतिष्ठित जौहरी भी हैं।

## गहलोत सरकार के फैसलों की समीक्षा के लिए पैनल गठित

प्रश्नपत्र लीक मामले की भी जांच के आदेश दिए



**नई दिल्ली।** राजस्थान में पिछले कांग्रेस प्रशासन के निर्णयों और योजनाओं की समीक्षा करने और उन्हें जारी रखा जाना चाहिए या नहीं, इसकी सिफारिश करने के लिए एक कैबिनेट उप-समिति का गठन किया गया है। महिलाओं के लिए मुफ्त मोबाइल फोन, राशन किट का वितरण और नए जिलों का गठन समीक्षा किए जाने वाले मामलों में से हैं। समिति ने मंगलवार को अपनी पहली बैठक की और 16 विभागों के फैसलों पर चर्चा की।

पैनल के प्रमुख स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि बैठक में छह विभागों के मामलों पर चर्चा की गई। उन विभागों के मंत्री और प्रमुख सचिव पहले उन निर्णयों की जांच करेंगे और फिर वे इसे समिति को भेजेंगे जो उनका अध्ययन करेगी और सिफारिशें देगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार की जांच का वादा किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिसंबर 2023 में राज्य में सत्ता में लौट आई और नए टेंडर और कार्य आदेश जारी करना बंद कर दिया। समिति तय दरों से अधिक दरों पर जारी किए गए सभी टेंडरों की जांच कर रही है। मामले से वाकिफ लोगों ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण, जलदाय, बिजली, महिला एवं बाल विकास और आईटी विभाग के सभी बड़े टेंडरों की जांच शुरू हो गई है। सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान प्रश्नपत्र लीक मामले की भी जांच के आदेश दिए हैं।

# अबू धाबीः पहले हिंदू मंदिर की वास्तुकला में यूएई की संस्कृति की भी झलक, दीवारों पर मीनारें-ऊंटों की नक्काशी

**अबू धाबी।** अबू धाबी स्थित पहले हिंदू मंदिर की वास्तुकला में यूएई के सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करने वाली सात मीनारें, ऊंटों की नक्काशी और राष्ट्रीय पक्षी बाज भी हिस्सा हैं। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास अबू मरीखा में 27 एकड़ की साइट पर निर्मित मंदिर का आज उद्घाटन किया जाएगा। खास बात है कि मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दान में दी थी।



बीएपीएस के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास के मुताबिक, मंदिर में सात शिखर बनाए गए हैं। ये सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो संयुक्त अरब अमीरात बनाने के लिए एक साथ आते हैं। सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरूपति बालाजी और भगवान अयप्पा सहित देवताओं की मूर्तियां हैं।

गौरतलब है कि आम तौर पर मंदिर में या एक तीन या पांच शिखर होते हैं लेकिन अबू धाबी में सात शिखरों का निर्माण किया गया है, जो अमीरात की एकता का प्रतीक है। साथ ही सात मीनारें सात महत्वपूर्ण देवताओं को स्थापित करती हैं। स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने कहा, सर्पिल का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। 108 फीट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मंदिर से जुड़े कारीगर सोम सिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज का प्रतीक ऊंट को संयुक्त अरब अमीरात के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। मंदिर में रामायण और महाभारत समेत भारत की 15 कहानियों के अलावा माया, एज़्टेक, मिस्त्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है।

# क्या होता है बाथ साल्ट और क्या हैं इसके फायदे

**बाथ साल्ट से स्नान करना हमारे लिए बेहद फायदेमंद होता है। जैसे तनाव मुक्त महसूस करना, खून का संचार अच्छा होता है, नींद अच्छी आती है, साथ ही थकान भी मिट जाती है। नमक में प्रचुर मात्रा में मैग्नीशियम, सल्फर, कैल्शियम, सोडियम, सिलिकॉन, ब्रोमाइन और स्ट्रोन्शियम मौजूद होता है जो बॉडी को रिलैक्स करने में मदद करता है। तो कई बार अधिक थकावट होने पर या नींद अच्छी नहीं आने पर आप बाथ साल्ट से स्नान कर सकते हैं। जानते हैं बाथ साल्ट से होने वाले कुछ खास फायदों के बारे में**



### स्क्रब
नमक का पानी स्क्रब का काम करता है। शरीर में मौजूद डेड स्किन को निकालने में यह काफी मददगार है। कई बार मल जमा होने से खुजली भी होती है तो इससे राहत मिल जाएगी। अतिरिक्त पसीने की बदबू से भी छुटकारा मिलता है।

### बॉडी को करें डिटॉक्स
जी हां, पानी में एपसॉम नमक का इस्तेमाल कर बॉडी को डिटॉक्स किया जा सकता है। यह नमक बॉडी से टॉक्सिन को निकालने में मदद करते हैं। नमक के साथ आप कुछ बूंदे सुगंधित तेल की भी मिला सकते हैं।

### बॉडी को करें रिलेक्स
नमक में मैग्नीशियम होने से बॉडी को रिलैक्स करता है। इससे बॉडी में खून का संचार तेजी से होता है। यह ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित करने में मददगार होता है। वर्कआउट करने के बाद बाथ साल्ट लिया जाता है।

### दिमाग को करें शांत- बाथ साल्ट
लेने से ब्रेन फंक्शन बेहतर करने लगता है। दिमाग को शांत करता है मन को स्थिर करने में मदद मिलती है।

### फंगल इंफेक्शन से बचाएं
अक्सर बारिश के मौसम में खराब पानी की वजह से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सप्ताह में एक बार नमक के पानी से जरूर नहाएं। ताकि फंगल या अन्य इंफेक्शन के खतरे से बचा जा सकें।
6ऑयल को करें कंट्रोल- अगर आपकी बॉडी और चेहरे पर बहुत अधिक मात्रा में ऑयल आता है तो आपको राहत मिलेगी। साथ ही चिपचिपाहट भी कम लगेगी।

### दर्द में राहत
एक उम्र के बाद बॉडी में दर्द होने लगता है। खासकर ज्वाइंट और हड्डियों में। दर्द अधिक होने पर गुनगुने पानी में नमक डालकर नहाने से पूरी बॉडी में राहत मिलेगी।



# वजन घटाने में मदद कर सकता है एक गिलास दूध

**दूध पीने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं, यह बात तो हम सब जानते हैं। पर क्या आपको पता है रोजाना एक गिलास दूध पीने से आप अपना कई किलो वजन भी कम कर सकते हैं। जी हां आइए जानते हैं कैसे दूध का सेवन करने से व्यक्ति घटा सकता है अपना कई किलो वजन और डाइट में इसे शामिल करने से व्यक्ति को होते हैं क्या-क्या फायदे।**

### वजन घटाने में कैसे मदद करता है दूध
दूध में प्रोसेन, एल्बिनिन और ग्लोबुलिन जैसे प्रोटीन प्रचूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो व्यक्ति के हंगर हार्मोन को रेगुलेट करने का काम करते हैं। दूध का सेवन करने से पेट जल्दी तृप्त हो जाता है। इतना ही नहीं दूध भूख बढ़ाने वाले हार्मोन घ्रेलनि के स्तर को कम करते हुए, भूख कम करने वाले हार्मोन जैसे जीएलपी –1, पीवाईवाई और सीसीके के स्तर को बढ़ाता है, जिससे व्यक्ति कम कैलोरी का सेवन करता है और उसे अपना वजन कम करने में सहायता मिलती है। न्यूट्रिशनिस्ट और वैलनेस एक्सपर्ट के अनुसार सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध पीने से नींद अच्छी आती है। दूध में ट्रिप्टोफैन, मैग्नीशियम और मेलाटोनिन जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो नींद की समस्या को दूर करने में मदद करते हैं। ये सभी पोषक तत्व मेलाटोनिन के उत्पादन को बढ़ाकर नसों और मांसपेशियों को आराम पहुंचाने का काम करते हैं। चूंकि दूध प्रोटीन से भरपूर होता है, इसलिए यह वजन घटाने और मांसपेशियों के निर्माण में भी बेहद सहायक है। दूध जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ चयापचय में सुधार करके व्यक्ति को लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होने देते। जिसकी वजह से कैलोरी की मात्रा कम हो जाती है और व्यक्ति को वजन कम करने में भी मदद मिलती है। दूध पीने के फायदे –

### वजन कम करने में मददगार
दूध में मौजूद कैल्शियम न सिर्फ हड्डियों और दांतों के निर्माण में मदद करता है बल्कि यह वजन कम करने में भी मदद कर सकता है। सेहत पर हुए कुछ अध्ययनों के अनुसार, कैल्शियम और विटामिन डी शरीर का चयापचय बढ़ाकर कैलोरी जलाने में मदद करती है। इसके अलावा दूध में मौजूद संयुग्मित लिनोलेनिक एसिड फेट को बर्न करने में भी मददगार होते हैं।

### एनर्जी बढ़ाने में कारगर
दूध में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन उपलब्ध होता है। यही वजह है कि रोजाना इसे डाइट का हिस्सा बनाने की सलाह दी जाती है। दिन की शुरुआत एक गिलास गर्म दूध से करने से शरीर दिनभर ऊर्जावान बना रहता है। इसके साथ ही ये मांसपेशियों के विकास के लिए भी बहुत जरूरी है।

### कब्ज की समस्या
अगर आपको कब्ज की समस्या है तो गर्म दूध पीना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। ये पाचन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। जिन्हें कब्ज की समस्या है वो गर्म दूध को दवा के तौर पर अपना सकते हैं।

### अनिंद्रा की समस्या
रात में दूध पीने का ये सबसे बड़ा फायदा है। कई ऐसे अध्ययन सामने आए है जिनके अनुसार, रात को सोने से पहले हल्का गर्म दूध पीने से नींद अच्छी और भरपूर आती है।

### ब्लड प्रेशर
दूध पीने के फायदे में रक्तचाप को नियंत्रित करना भी शामिल है। जी हां, लो–फैट मिल्क का सेवन करने से हाइपरटेंशन यानी उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में रखा जा सकता है।





# काम करते वक्त होती है आंखों में थकान, तो इस योग को करने से मिलेगा आराम

अगर काम के कारण आपकी आंखों में दर्द और थकान रहती है, तो फेशियल योग आपकी मदद कर सकता है। इस योग क्रिया को करने से मात्र 10 मिनट में आग और दिमाग रिलेक्स हो जाएंगे। क्या आप कंप्यूटर के सामने बैठते वक्त अपनी आंखों को रगड़ते हैं। अगर ऐसा है, तो आप अकेले नहीं हैं। आजकल औसत वयस्क अब दिन में आठ घंटे से ज्यादा समय किसी न किसी प्रकार की स्क्रीन के सामने बैठे रहते हैं। इस बढ़ते स्क्रीन टाइम ने आंखों में धुंधलापन, खुजली, सिरदर्द, थकान और आंखों में दर्द से पीड़ित लोगों की संख्या में वृद्धि की है।

दरअसल, स्क्रीन पर ज्यादातर समय बिताने की प्रक्रिया में लोग अपने शरीर के सबसे जरूरी अंग आंखों को भूल जाते हैं। कंप्यूटर और लैपटाप पर काम करते-करते आंखों में दर्द , जलन या थकान महसूस करने लगते हैं। खासतौर से वर्कफ्रॉम होम के चलते लोगों को इस सामस्या का सामना ज्यादा करना पड़ रहा है। वैसे कमजोर या थकी हुई आंखों के कोई लक्षण नहीं दिखते, लेकिन अगर आप भविष्य में आंखों में धुंधलेपन से बचना चाहते हैं, तो आंखों के लिए योगा की कुछ क्रियाएं आपकी मदद कर सकती हैं। इन्हें करने से मात्र 10 मिनट में न केवल आंखों को बल्कि दिमाग को भी आराम मिल जाएगा। आंखों को आराम देने वाली 3 योग क्रियाएं –

## स्टेप–1

- फेशियल योग करने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इसे पोंछकर चेहरे पर कोई सिरम या फेस ऑयल लगा लें।
- अब कुछ सैकंड्स इससे मसाज करें। आपका फेस योगा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
- सबसे पहले स्टेप में उंगली से अंदर आंखों पर अंदर से बाहर की तरफ मसाज करें।
- हल्के प्रेशर के साथ उंगली को घुमाएं। वैसे आप चाहें, तो इस दौरान आंखें खुली रख सकते हैं , लेकिन बंद रखेंगे तो आंखों को ज्यादा आराम मिलेगा।
- इस स्टेप को आप दो से तीन मिनट तक दोहराएं।
- इसके बाद बाहर से अंदर की ओर सर्कल बनाते हुए मसाज करें।
- कुछ देर मसाज करने के बाद रिलेक्स करें।

## स्टेप–2

- इस स्टेप में इंडेक्स और मिडिल फिंगर से वी शेप बनाएं।
- इसे अपनी आंखों के दोनों कोनों पर रखें।
- अब कुछ देर बिना रूके पलकों को झपकाते रहें। रिलेक्स करें और फिर दोहराएं। यहा आंखों पर रखी उंगलियां मसल्स को सपोर्ट करेंगी, जिससे आंखों पर बहुत ज्यादा जोर नहीं पड़ेगा।
- इस स्टेप को एक बार में एक मिनट तक करें, रिलेक्स हो जाएं और फिर शुरू करें।

## स्टेप–3

- अपनी आंखों को बंद कर लें ।
- अब आईबॉल पर उंगली से हल्का प्रेशर करते हुए अंदर से बाहर की ओर घुमाएं। इसके बाद बाहर से अंदर की ओर घुमाएं।
- अब अपने हाथों की सभी उंगलियों को एकसाथ मिला लें और एक–एक हाथ कारके आंखों पर एक–एक कर रखें।
- फिर दोनों हाथों की उंगलियों को आंखों पर रखकर रिलेक्स करें।
- इस स्टेप को आप एक बार में दो से तीन मिनट तक रिपीट कर सकते हैं। चूंकि आंखों के आसपास की त्वचा बहुत नाजुक होती है, इसलिए इसे करते समय ध्यान रखें कि आंखों पर ज्यादा दबाव न पड़े।

इन फेशियल एक्सरसाइज को दिन के किसी भी समय किया जा सकता है। लेकिन ध्यान रखें कि योग करने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धो लें। त्वचा पर सीरम या मॉइश्चराइजर लगा लें। ऐसा करने से स्टेप करना आसान हो जाएगा और स्किन भी डैमेज नहीं होगी।

# डायबिटीज की बीमारी मुंह को कर सकती है खराब इग्नोर न करें ये संकेत

टाइप–1 और टाइप–2 डायबिटीज एक क्रॉनिक डिसीज है, जो दुनियाभर में लाखों लोगों को तेजी से प्रभावित कर रही है। ब्लडस्ट्रीम में ग्लूकोज के निर्माण के कारण ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि के कई लक्षण हो सकते हैं। वैसे तो डायबिटीज के कुछ लक्षण साफ नजर आते हैं और अधिकतर लोग इनके बारे में जानते भी हैं। लेकिन कुछ लक्षण ऐसे हैं, जिन पर किसी का ध्यान नहीं जाता। विशेषज्ञों के अनुसार, डायबिटीज की शुरुआत ज्यादा भूख लगने, बार–बार पेशाब आने, थकान और चिडचिड़ेपन से होती है। इन मुख्य संकेतों के अलावा हमारा मुंह भी 3 वार्निंग साइन देता है। एक व्यक्ति की ओरल हेल्थ से उनके ब्लड शुगर लेवल सहित स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ पता चल सकता है। आपकी मदद के लिए हम यहां आपको ऐसे ही 3 प्रमुख लक्षणों के बारे में बता रहे हैं।

## सूखा हुआ गला

सूखा हुआ मुंह टाइप–1 और टाइप 2 डायबिटीज दोनों के सामान्य और शुरूआती लक्षणों में से एक है। इसमें व्यक्ति का मुंह जरूरत से ज्यादा सूखने लगता है और उसकी प्यास भी बढ़ जाती है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि वह एक बार में गैलेन पानी तक पी लेता है। हालांकि, ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि व्यक्ति को क्यों प्यासा महसूस कराती है, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन कई सिद्धांतों के अनुसार, मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए ली जाने वाली कुछ दवाओं के कारण ऐसा हो सकता है। सूखे हुए मुंह के लक्षणों में जीभ में सूखापन, मुंह में नमी की कमी, फटे होंठ, मुंह में छाले और चबाने में कठिनाई जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

## दांतों का खराब होना

डायबिटीज के रोगी में मसूड़ों की बीमारी के चलते दांत खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़ों के चारों तरफ प्लाक बनने से दांतों के बीच गैप आ जाता है, जिससे आसपास की पकड़ ढीली होने लगती है और दांत खराब हो जाते हैं। कई शोधों से पता चलता है कि अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों की तुलना में डायबिटीज रोगियों के दांत दोगुना टूटते हैं। वद्धावस्था और उन लोगों में जोखिम ज्यादा खतरनाक है, जो ओरल हेल्थ की देखभाल नहीं करते। सूजे हुए मसूड़े या दांत में दर्द हो , तो यह आपके दांतों के खराब होने का लक्षण है। ओरल हेल्थ से जुड़ी जटिलताओं से बचने के लिए डायबिटीज रोगी को अपने ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखना चाहिए। मधुमेह के ज्यादातर मामलों में लोग केवल पैर और आंखों की देखभाल पर ध्यान देते हैं। ऐसे में डेंटल केयर को कई बार दरकिनार कर दिया जाता है, जो मौखिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

## मसूड़े का रोग

मुंह के सूखने पर दांतों के आसपास और मसूड़ों के नीचे लार का उत्पादन प्रभावित होता है। नतीजा, शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। जिससे कीटाणु और प्लैग का निर्माण होता है। यह आपके मसूड़ों को परेशान करने के साथ मसूड़ों की बीमारी, दांतों की सड़न और दांतों के झड़ने का कारण बनता है। अनियंत्रित मधुमेह के मामलों में मसूड़ों की बीमारी ज्यादा आम है। यह बीमारी इस बात का संकेत है कि आपका ब्लड शुगर लेवल खराब है और आपको इस पर ध्यान देना चाहिए। गले में खराश, मसूड़ों में खून आना, संवेदनशील दांत, सांस की दुर्गंध, मुंह में खराब स्वाद आना मसूड़ों की बीमारी के लक्षण देखे गए हैं।





# जानलेवा बीमारियों की दवाओं में होता है बरगद के फल का प्रयोग
## आयुर्वेद में बताए हैं ये फायदे

हमारे देश में ऐसा शायद ही कोई शख्स होगा जिसे बनयान ट्री यानी बरगद के पेड़ के बारे में पता न हो। आपने अपने घरों के आसपास इस विशालकाय पेड़ को देखा होगा। इस पेड़ की पूजा उत्तर भारत के कई राज्यों में की जाती है। आमतौर पर हमने देखा है कि इस पेड़ के नीचे सैकड़ों बरगद के फल गिरते हैं और लेटने पर सड़ जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह फल हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है? बरगद के फल खनिज लवणों, एंटीऑक्सीडेंट और एनाल्जेसिक गुणों से भरपूर होते हैं जो उच्च रक्तचाप से लेकर कोरोनरी हृदय रोग के जोखिम को कम करने में सहायक है। इस पेड़ से मिलने वाले लाभों के बारे में हमें आयुर्वेदिक डॉक्टर ने विस्तार से जानकारी दी है। आज हम आपको इस पेड़ से होने वाले कई फायदों के बारे में बता रहे हैं।

### इम्यूनिटी बूस्टर
कोरोना काल में हर कोई अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए नए–नए तरीके आजमा रहा है, उनमें से एक बरगद का फल भी है। ये फल भी एक इम्यूनिटी बूस्टर है। इम्यूनिटी बढ़ाने में बरगद का फल काफी फायदेमंद होता है। यह आपको कई बीमारियों से बचाता है और आपको खांसी, जुकाम, फ्लू आदि से भी दूर रखता है।

### आयुर्वेद औषधियों में होता है बरगद के फल का प्रयोग
आयुर्वेद में इस पेड़ को वट वृक्ष के नाम से जाना जाता है। बेंगलुरु के जीवोत्तम आयुर्वेद केंद्र के वैद्य डॉ.शरद कुलकर्णी ख्रड़ (इभफ),(घ्ढक्र) ने हमसे बातचीत में बताया बरगद के पेड़ से मिलने वाली हर एक चीज का प्रयोग प्राचीन काल से ही कई तरह की औषधि के रूप में किया जाता है। उन्होंने बताया कि बरगद के फल से लेकर इसकी छाल, पत्ते, दूध और बीजों का भी कई रोगों के उपचार में उपयोग किया जाता है।

### बरगद के फल के पोषक तत्व
इसका वानस्पतिक नाम फिकस बेंगालेंसिस है। इस पेड़ के फल में भरपूर मात्रा में कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट, शुगर, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बी1, विटामिन बी3 होता है। इसके अलावा इसकी पत्तियों में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और फास्फोरस पाया जाता है। बरगद में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल करने में फायदेमंद होता है।

### दिल के लिए फायदेमंद
बरगद के पेड़ के फल पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, ओमेगा 3 और 6 से भरपूर होते हैं, जो स्वस्थ दिल के लिए बहुत जरूरी हैं। दिल का दौरा यानी हार्ट अटैक आमतौर पर तब होता है जब मानव शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ जाता है जिसके टलते शरीर की धमनियां काम करना बंद कर देती हैं। सोडियम का हाई लेवल धमनियों को श्रिंक यानी संकुचित करता है और पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन की स्पीड को धीमा कर देता है।
डॉ. के अनुसार, बरगद के फल में मौजूद पोटैशियम सोडियम के स्तर को कम करने में कारगर होता है। इसमें कई ऐसे तत्व होते हैं जो रक्तचाप को कम करते हैं और कोरोनरी हृदय रोग को रोकने के लिए उपयोगी होते हैं।

### मधुमेह में लाभदायक
डॉ.ने बताया कि अगर डायबिटीज के रोगी हर रोज बरगद के फल के चूर्ण का सेवन करें तो उन्हें इसके जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। मधुमेह के मरीज चाहें तो बाजार से इसका पाउडर ले सकते हैं या फिर घर पर इसका उबला हुआ पानी पी सकते हैं।

### पेट के रोग को दूर करता है
अगर आप डायरिया और पेचिश से परेशान हैं तो बरगद के पत्तों की कलियां बहुत फायदेमंद होती हैं। आयुर्वेद में इसका उपयोग पुराने दस्त और पेचिश के इलाज के लिए किया जाता है।

### इन समस्याओं से भी दिलाता राहत
आयुर्वेद में स्किन डिसीज यानी चर्म रोगों के इलाज के लिए भी बरगद के पेड़ की छाल और पत्तों का प्रयोग किया जाता है। जोड़ों के दर्द को भी कम करने में बरगद के पत्तों का पानी मदद कर सकता है। इसके लिए आपको इसके पाउडर को गर्म पानी में मिलाना है और फिर उस पानी में पैर डालने हैं, इससे आपका दर्द कम हो जाएगा।
बार–बार पेशाब आने का इलाज
बरगद के फलों के बीजों को बारीक पीसकर पेस्ट बना लें। इसे 1 या 2 ग्राम की मात्रा में सुबह गाय के दूध के साथ सेवन करें। इससे बार–बार पेशाब आने की समस्या दूर हो जाती है।



# कभी पसंद नहीं..., भक्षक एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने एनिमल फिल्म देखने के बाद दिया अपना रिव्यू

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही, लेकिन इसे लेकर काफी विवाद भी हुए। कुछ लोगों ने रणबीर कपूर की तारीफ की, तो कुछ ने उनकी आलोचना भी की। अब इस लिस्ट में भक्षक एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर का नाम भी शामिल हो गया है। भूमि ने एनिमल मूवी को लेकर बात की है। भूमि ने कहा, मैंने एनिमल देखी। सचमुच, मुझे अति-मर्दाना फिल्में पसंद नहीं हैं और यह सिर्फ अभी के लिए नहीं है। पहले भी मुझे वे कभी पसंद नहीं थीं। हॉलीवुड में भी मुझे एक्शन फिल्में... रोम-कॉम देखना पसंद है। इस तरह की फिल्में मैं सच में पसंद करती हूं। इसके आगे उन्होंने इस बारे में बात करते हुए कहा, मैं सच में मानती हूं कि एक फिल्म एक फिल्म निर्माता की आत्म-अभिव्यक्ति है और यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, एक दर्शक के रूप में आप उस आत्म-अभिव्यक्ति से क्या सीखते हैं, यह चुनौती है। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल 1 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई थी।





# अदा शर्मा ने एयरपोर्ट पर इस वजह से लूटी लाइमलाइट

अदा शर्मा द केरला स्टोरी के बाद अब बस्तर- द नक्सल स्टोरी में नजर आने वाली है। अदा शर्मा की बस्तर का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। एक्ट्रेस अदा शर्मा अपने लुक्स के कारण हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। वहीं एक बार फिर एक्ट्रेस को एयरपोर्ट पर नए अंदाज में देखा गया है। अदा शर्मा एयरपोर्ट पर अपनी दादी की साड़ी में स्पॉट की गई जहां उन्होंने पैपराजी के सामने जबरदस्त पोज देते हुए। दादी की साड़ी के बारे में कुछ खास बातें भी बताई। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है। द केरला स्टोरी के बाद से अदा के करियर ने एक नया मोड़ ले लिया है। बॉलीवुड ही नहीं साउथ में भी अपनी अलग पहचान बना चुकी अदा शर्मा किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस इन दिनों केरल स्टोरी के बाद अपनी अपकमिंग फिल्म बस्तर को लेकर चर्चा में बनी हुई है। इस बीच अदा शर्मा को एयरपोर्ट पर अपनी दादी की साड़ी में स्पोट किया गया। एक्ट्रेस ने अपने लुक को बहुत ही सिंपल रखा था। इस वीडियो को देखने के बाद लोग एक्ट्रेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# एनिमल ने धूम मचाई इधर रश्मिका ने बढ़ाई अपनी फीस

पिछले साल 1 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी ने भूमिका निभाई थी। फिल्म हिट होते ही अभिनेत्री रश्मिका मंदाना जबरदस्त लाइमलाइट में है। रश्मिका की फैन फॉलोइंग में तगड़ा इजाफा हुआ है। अब खबर आ रही है कि फिल्म की सक्सेस के बाद से रश्मिका ने अपनी फीस बढ़ा दी है। अब इस पर रश्मिका की रिएक्शन सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रश्मिका ने 'एनिमल' की सफलता के बाद अपनी फीस बढ़ा दी है और अब वह एक फिल्म के लिए 4-4.5 करोड़ रुपए ले रही हैं। इस पर रश्मिका ने जवाब दिया, कौन कह रहा है। यह सब देखने के बाद लगता है कि मुझे इस बारे में सोचना चाहिए। अगर मेरे प्रोड्यूसर पूछेंगे क्यों फीस बढ़ानी है तो मैं कहूंगी कि मीडिया कह रहा है सर। मुझे उनकी बातें माननी चाहिए शायद।

# तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया पर चली सेंसर की कैंची



तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया मूवी में सीबीएफसी ने काट-छांट कर दी है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 2 घंटे 23 मिनट और 15 सेकंड लंबी है। मूवी में 36 सेकंड लंबे सेक्स सीन को काटकर 27 सेकंड का किया गया है। दारू शब्द की जगह ड्रिंक कर दिया गया है। तंबाकू और स्मोकिंग से जुड़ी वॉर्निंग बड़े शब्दों में हिंदी में देने को कहा गया है। मूवी में शाहिद और कृति के अलावा डिंपल कपाड़िया, धर्मेंद्र, राकेश बेदी और राजेश कुमार हैं। मूवी के डायरेक्टर अमित जोशी और आराधना शाह हैं। यह उनकी डेब्यू मूवी है। एडवांस बुकिंग की बात करें तो फिल्म के 7 फरवरी दोपहर 10 बजे के बाद 23000 टिकट्स बिके थे। टोटल कमाई कुल 46,21,816 थी। फिल्म रिलीज होने में अभी 2 दिन हैं तो यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया रोमांटिक जॉनर की फिल्म है। मूवी में शाहिद ने आर्यन का रोल किया है। आर्यन एक खुबसूरत लड़की सिफा से मिलता है जो उसे अपने टाइप की लगती है। दोनों की दोस्ती होती है और प्यार में बदल जाती है। जब आर्यन सिफा को घरवालों से मिलवाने का प्लान करता है पता चलता है कि वह ह्यूमेनॉयड रोबोट है।

# एक्शन से भरपूर होगी क्रैक जीतेगा तो जिएगा




बहुप्रतीक्षित स्पोर्ट्स एक्शन थ्रिलर क्रैक-जीतेगा तो जिएगा के लिए एक्शन सुपरस्टार विद्युत जामवाल और निर्देशक आदित्य दत्त फिर से साथ आए हैं। फिल्म में एक्शन सीन को बेहतर बनाने हेतु रणनीतिक कदम उठाते हुए, विद्युत ने स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, इटली, जर्मनी और उससे आगे के सात दूरदर्शी अंतरराष्ट्रीय कोरियोग्राफरों की एक टीम को इकट्ठा किया है। ये निर्देशक परियोजना में विशेषज्ञता का खजाना लेकर आते हैं, जो स्लैकलाइनिंग, बीएमएक्स साइक्लिंग, रोलरब्लाडिंग, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और बहुत कुछ की विशेषता वाले एड्रेनालाईन-पंपिंग दृश्यों के एक गतिशील प्रदर्शन का वादा करते हैं। इस सहयोग का उद्देश्य दर्शकों को एक रोमांचक और दृश्यमान आश्चर्यजनक सिनेमाई आनंद प्रदान करना है।

# रूबीना ने करवाया बोल्ड फोटोशूट



अभिनेत्री रूबीना दिलाइका इस समय अपनी मदरहुड लाइफ को एंजाय कर रही हैं। रूबीना दिलाइका नवंबर, साल 2023 में मां बनी थी। रुबीना के घर दो प्यारी-प्यारी बच्चियों की किलकारी गूंजी जिसका उन्होंने जीवा और एधा नाम रखा। बेटियों के जन्म के कुछ दिन बाद ही अभिनेत्री काम पर लौट आई हैं। रुबीना ने हाल ही में एक खूबसूरत फोटोशूट करवाया जिसमें न्यू मॉम का गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। इन लेटेस्ट तस्वीरों में रूबीना का ट्रेडिशनल लुक देखने को मिल रहा है। लुक की बात करें तो रूबीना ने नारंगी साडी पेयर की है।

# अब जाह्नवी बनेंगी सीता

नीतेश तिवारी की रामायण में किरदार निभाने वाले सितारों में बदलाव की खबरें आ रही हैं। अब सीता का किरदार जाह्नवी कपूर निभाएंगी। उनकी रामायण लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। किरदारों के लिए सितारों का चयन इस फिल्म को बड़े बजट की फिल्म के रूप में पेश करता आ रहा है।

**रामायण के सितारों में हुआ बदलाव**

पहले समाचार आए थे कि फिल्म में रणबीर कपूर राम का, यश रावण का, विजय सेतुपति बिभीषण का और सनी देओल हनुमान का रोल प्ले करेंगे। वहीं सीता के किरदार के लिए दक्षिण भारत की बेहतरीन अभिनेत्री सई पल्लवी के नाम की चर्चा हो रही थी। लेकिन अब सीता के रोल के लिए सई पल्लवी के स्थान पर जाह्नवी कपूर को फाइनल किया गया है। बता दें कि जाह्नवी कपूर इससे पहले नीतेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म बवाल में काम कर चुकी हैं। इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन नजर आए थे। रणबीर कपूर रामायण की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं। वह राम के रोल में हैं।

असल में दर्शकों में सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट हनुमान के रोल को लेकर है। अब सनी देओल इस रोल में होंगे जबकि सीता के रोल पर जाह्नवी कपूर अपना अभिनय दिखाएंगी। जानकारी के मुताबिक, जाह्नवी ने नीतेश के साथ बवाल में काम किया है और उन्हें लगता है कि वह सीता के रोल में फिट बैठेंगी। हालांकि आदिपुरुष के बुरी तरह से पिटने के बाद से नीतेश तिवारी की रामायण सुर्खियों में है। फिल्म से जुड़े कई अपडेट्स भी चर्चाएं हो रही हैं।



# संजय लीला भंसाली की ब्लैक को टाइम (यूरोप) में मिला पांचवा स्थान

संजय लीला भंसाली की सिनेमाई उत्कृष्ट फिल्म ब्लैक का क्रेज आज भी सिनेमा प्रेमियों के दिलों में बसा हुआ है। यह फिल्म लगभग दो दशक पहले रिलीज़ हुई थी। इसमें महानायक अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने न केवल भारतीय दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रशंसा प्राप्त की और 2005 की टाइम (यूरोप) की 10 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में पांचवां स्थान हासिल किया। ब्लैक ने भंसाली की कहानी कहने की क्षमता को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया, जिससे मानवीय भावनाओं की पेचीदगियों को उजागर करने वाली एक सम्मोहक कहानी गढ़ने की उनकी क्षमता साबित हुई। फिल्म की स्थायी विरासत रानी मुखर्जी द्वारा अभिनीत एक अंधी-बधिर लड़की और अमिताभ बच्चन द्वारा अभिनीत उसके शिक्षक के सामने आने वाली चुनौतियों की मार्मिक खोज में निहित है। 2005 में, फिल्म ने टाइम (यूरोप) की 10 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों की प्रतिष्ठित सूची में पांचवां स्थान हासिल करके वैश्विक पहचान हासिल की। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा फिल्म के विषय की सुंदरता और दुनिया भर के दर्शकों के साथ जुड़ने की क्षमता को दर्शाती है। बता दें कि साल की सर्वश्रेष्ठ फ़िल्मों में शामिल होने से वैश्विक सिनेमाई परिदृश्य पर बॉलीवुड के बढ़ते प्रभाव का पता चला। जैसा कि ब्लैक ने नेटफ्लिक्स पर अपनी डब्यू की है, दर्शकों की एक नई पीढ़ी को उस जादू को देखने का अवसर मिला है जिसने 2000 के दशक के मध्य में भारतीय सिनेमा को परिभाषित किया था। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर फिल्म की 19वीं वर्षगांठ की रिलीज न केवल इसके स्थायी महत्व को उजागर करती है, बल्कि कहानी कहने और दृश्य भव्यता के उस्ताद के रूप में भी संजय लीला भंसाली की विरासत को उजागर करती है।




# अदिवी शेष के साथ मेगा सीक्वल गुडाचारी 2 में इमरान हाशमी आएंगे नजर



बहुप्रतीक्षित सीक्वल गुडाचारी 2 में अदिवी शेष के साथ इमरान हाशमी भी नजर आएंगे। बता दें कि इस फिल्म को मेगा पैन-इंडिया फिल्म माना जा रहा है और यह देश की सबसे बड़ी स्पाई फ्रेंचाइजी में से एक है। बताया जा रहा है कि बहुमुखी स्टार इमरान हाशमी आगामी स्पाई एक्शन थ्रिलर में आदिवासी शेष के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। बता दें कि प्रीक्वल गुडाचारी में अदिवि शेष ने अभिनय किया और इसने सफलता की राह बनाई और एक ब्लॉकबस्टर हिट के रूप में उभरी। अब, जैसे-जैसे सीक्वल सामने आ रहा है, एक प्रमुख बॉलीवुड अभिनेता और एक साउथ स्टार का कोलैबोरेशन प्रोजेक्ट में एक अनूठा और रोमांचक आयाम जोड़ता है। इस सीक्वल में दक्षिण और उत्तर से प्रतिभाओं को जोड़ने से पैन-इंडिया सिनेमेटिक एक्सपीरियंस के रूप में फेमस हो रही है।

गौरतलब है कि इमरान हाशमी और अदिवी शेष के साथ ऑन-स्क्रीन डायनामिक के रूप में देखन दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगा। सीक्वल का लक्ष्य गुडाचारी फ्रेंचाइजी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। जैसा कि बातचीत चल रही है, फिल्म के प्रोड्यूसर कोलैबोरेशन के बारे में आशावादी हैं और आश्वस्त हैं कि हाशमी के आने से गुडाचारी 2 में स्टार पावर और एक राष्ट्रव्यापी अपील जुड़ जाएगी। आगामी फ़िल्म सीमाओं को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है रीजनल सिनेमा, साउथ और नार्थ के बेहतरीन प्रतिभाओं और मनोरंजन को एक साथ ला रहा है। इमरान हाशमी को आखिरी बार टाइगर 3 में एक खतरनाक विलन की भूमिका निभाते हुए देखा गया था। उन्हें वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में उनके शानदार अभिनय के लिए एंटी-हीरो ऑफ द ईयर का खिताब मिला था।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को होगी रिलीज



कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म की शूटिंग यूके और महाराष्ट्र के वाई गांव में की गई है। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है। फिल्म की शूटिंग लंदन एक्रेटिक्स सेंटर और रॉयल बोटेनिक गार्डन जैसे यूके की खूबसूरत लोकेशंस पर की गई है। फिल्म में कोयना वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी के पास महाराष्ट्र के वाई गांव के आसपास के लैंडस्केप को दर्शाया गया है, जो फिल्म की कहानी में सुंदर विजुअल्स बन पाए हैं। बता दें कि हाल ही में कार्तिक आर्यन ने जिम में वर्कआउट करते हुए अपना एक वीडियो भी शेयर किया, लेकिन, लोग एक्टर को देखने की बजाय उनके बराबर में जिम कर रही उनकी दादी को मजे से देख रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वर्कआउट वीडियो में कार्तिक 50 किलो के डम्बल उठाते हुए दिख रहे हैं। वहीं, उनकी दादी को उनके बगल में एक्सरसाइज करते हुए देखा जा रहा है। एक्टर कार्तिक ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, दादी ऑन फायर। मुझ पर फोकस मत करो, बल्कि, मेरे पीछे के चैंपियन पर ध्यान दो, वो हमेशा जिम में वर्कआउट करती हैं और वास्तविक प्रेरणा हैं। बता दें कि फिल्म में चंदू चैंपियन के लिए, एक्टर ने एक प्लेयर के वास्तविक जीवन को प्रदर्शित करने के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया। इस फिल्म में एक्टर भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभा रहे हैं। मुरलीकांत ने 1972 में जर्मनी के हीडलबर्ग में समर पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी स्पर्धा में 37.33 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया। वह भारतीय सेना में इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) कोर में क्राफ्टसमैन रैंक के जवान थे।

# लोधी, लोधा और लोध क्षत्रिय समाज का इतिहास बहादुरों का इतिहास - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने तुलसी मानस भवन में महासभा की प्रांतीय बैठक को किया संबोधित

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोधी, लोधा और लोध क्षत्रिय समाज का इतिहास बहादुरी का इतिहास है। देश के स्वतंत्रता संग्राम में समाज के वीरों और महापुरुषों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। पूरा देश उनके बलिदान का ऋणी रहेगा। भावी पीढ़ी को उनके जीवन चरित्र और मूल्यों से प्रेरणा लेना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तुलसी मानस भवन में लोधी, लोधा और लोध क्षत्रिय महासभा की प्रांतीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीरों, महापुरूषों को सम्मानित करने की भावना के साथ नई शिक्षा नीति लागू कर शिक्षा के पाठ्यक्रम से गुलामी के चिन्ह मिटाए है। नई शिक्षा नीति में आवश्यक किताबी ज्ञान के साथ महापुरुषों, क्रांतिकारियों और बलिदानियों की जीवनियों को शामिल किया गया हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर हृदय शाह लोधी और रानी अवंती बाई लोधी के भारत की स्वतंत्रता में किए गए योगदान और बलिदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लोधी, लोधा और लोध क्षत्रिय महासभा ने बड़ी पुष्प माला पहनाकर और शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र लोधी ने सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना और उनके नाम पर सम्मान दिए जाने के कार्यों के लिए समाज की ओर से आभार माना। इस अवसर पर पंचायत और ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, लोधी लोधा और लोध क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री जालम सिंह पटेल सहित समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलवामा हमले की बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि आतंकवादियों के पुलवामा हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों ने प्राणोत्सर्ग किया था। जवानों के बलिदान का स्मरण करते हुए आज शौर्य स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की है। हमारे वीर जवानों ने अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्राणों की आहुति दे दी। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर हुई सर्जिकल स्ट्राइक ने देश के सामर्थ्य और साहस का प्रदर्शन किया तथा पड़ोसी देशों को संयम व सीमा में रहने का पाठ पढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अमर बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यही कामना है कि हमारे देश पर फिर कभी ऐसा संकट न आने पाए। हमारी सेना दुश्मनों का मुंह तोड़ जवाब देने में सक्षम है, संपूर्ण विश्व भारत के सामर्थ्य से अवगत है और देशवासियों को अपनी सेना पर विश्वास भी है और गर्व भी।

# कलेक्ट्रेट परिवार द्वारा स्थानांतरित अपर कलेक्टर को दी गई आत्मीय विदाई



**अनूपपुर।** मां नर्मदा के उद्गम जिले में कार्य करना मेरा सौभाग्य है। इस जिले में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ जी के मार्गदर्शन में कार्य करने का मौका मिला। यहां कार्य की अपार संभावना है। स्टॉफ भी सहयोगात्मक है। उक्ताशय के विचार स्थानांतरित अपर कलेक्टर श्री सी पी पटेल ने विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री आषीष वषिष्ठ, संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, तहसीलदार श्री जी.एस. शर्मा, जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ श्री के.के. सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्थानांतरित अपर कलेक्टर श्री सी पी पटेल ने कहा कि मां नर्मदा की कृपा तथा शुभचिंतकों के स्नेहाशीष से अस्वस्थ होने के बाद भी अल्प समय में ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जिले में सद्भाव और भाईचारे का वातावरण है। जिससे विभिन्न योजनाओं में जिले की उपलब्धि प्रदेश स्तर पर अच्छी स्थिति पर है। उन्होंने जिले में किए गए कार्यों के संबंध में प्रकाश डाला। इस अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने कहा कि अपर कलेक्टर श्री सी पी पटेल एक सुलझे हुए अधिकारी हैं। उनके बेहतर कार्य उनकी कार्यशैली को परिलक्षित करते हैं। उन्होंने बड़े ईवेंट के साथ ही चुनाव के उत्तरदायित्वों को बखूबी निभाया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य, सुदीर्घ स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, डीएचओ डॉ. आर.पी. सोनी, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद परस्ते ने अपने विचार व्यक्त किए। विदाई कार्यक्रम में शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्थानांतरित अपर कलेक्टर का सम्मान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व महाअभियान में राजस्व प्रकरणों का किया जा रहा है निराकरण

**अनूपपुर।** जिले भर में 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के सभी तहसील न्यायालयों में सुनवाई करके राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। उक्त श्य की जानकारी देते हुए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने बताया है कि राजस्व महाअभियान के तहत जिले में अब तक नामांतरण के 8985, सीमांकन के 2044, बंटवारा के 1632 प्रकरणों एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। सभी एसडीएम और तहसीलदार प्रकरणों की प्रतिदिन सुनवाई करके उनका निराकरण कर रहे हैं। राजस्व महाअभियान के तहत जिले भर में राजस्व शिविरों का ग्रामवार आयोजन किया जा रहा है। ई केवायसी एवं नक्शा तर्मीम कार्य मे पटवारियों को पूरी लगन से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया जाने हेतु जिले के सभी तहसील स्तर पर सबसे जल्दी व सबसे अधिक कार्य करने वाले तीन- तीन पटवारियों को पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 7 हजार 800 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

**भोपाल।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए नि:शुल्क ई-स्कूटी देने की योजना शुरू की गई है। योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। पिछले शैक्षणिक सत्र 2022-23 में इस योजना का लाभ प्रदेश के 7 हजार 800 विद्यार्थियों को दिया गया। इन विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ई-स्कूटी प्रदान की गई। पुरस्कृत विद्यार्थियों ने नियमित परीक्षार्थी के रूप में अपनी शाला में कक्षा 12वीं की परीक्षा में समस्त संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हैं। योजना में लाभ प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थी को नि:शुल्क ई-स्कूटी के लिए अधिकतम 90 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने के लिए व्यवसायिक शिक्षा देने की योजना शुरू की है। पिछले शिक्षा सत्र में प्रदेश ने 1540 स्कूल में 12 ट्रेड्स में करीब 2 लाख 56 हजार विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा दिलाई गई। विद्यार्थियों को एग्रीकल्चर, अपेरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, बैकिंग एण्ड फायनेंस सर्विसेस, इलेक्ट्रिकल्स एण्ड हार्डवेयर, मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट, आईटी विद्या में नि:शुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने देश को अपनी सामर्थ्य पहचानने का अवसर प्रदान किया है- मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि, देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। विनिर्माण क्षेत्र बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का सृजन करता है। यह घरेलू बाजार में माल की आपूर्ति सशक्त करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और अर्थव्यवस्था की सुरक्षा व स्थायित्व के लिए भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में नीति आयोग की 'भारत के विनिर्माण विकास में प्रदेश की सहभागिता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व ने देश को अपनी सामर्थ्य पहचानने का अवसर प्रदान किया है। नीति आयोग के श्री प्रवाकर साहू ने कार्यशाला की रूपरेखा से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सुशासन के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अभिनंदनीय है। नीति आयोग ने देश की विकास प्रि या को गति और निश्चित दिशा प्रदान की है। पंचवर्षीय योजनाओं के काल में अव्यवहारिक दृष्टिकोण और योजनाओं ने देश की प्रगति को प्रभावित किया। सकारात्मक सोच के अभाव में क्षमता, योग्यता व सामर्थ्य होते हुए भी देश में प्रतिभाएं घुटन महसूस करती थीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता के विश्वास के साथ योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, खनन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है, यह नई नीतियां लागू करने के साहस और नवाचारों के परिणाम स्वरूप संभव हुआ है। अब सरकारें संबंधित समूहों से संवाद कर और उन्हें विश्वास में लेकर नीतियां ि यान्वित कर रहीं हैं। हमारा अतीत सुशासन और बौद्धिक दृष्टि से बहुत संपन्न एवं समृद्ध रहा है। सम्राट वि मादित्य का सुशासन रामराज्य की याद दिलाता है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र में नीति आयोग के सीईओ श्री बी.वी.आर. सुब्रमण्यम, तथा नीति आयोग के सदस्य श्री सी. के. सारस्वत व श्री अरविंद विरमानी के वक्त व्य हुए।

# 16 तक जिले के सभी मंडलो में चलेगा गांव चलो अभियान

**धार । मप्र भाजपा के आव्हान पर लोकसभा चुनाव के पूर्व पूरे मप्र के सभी जिलों के मंडलो में गांव चलो अभियान चल रहा है । इसी अभियान के तहत धार महू लोकसभा क्षेत्र के 2139 बूथों पर गांव चलो अभियान के माध्यम से भाजपा प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचेंगे। सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर अभियान टोली बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी,पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पटोदिया,जिला महामंत्री प्रकाश धाकड़, गांव चलो अभियान संयोजक वीरेंद्र बघेल,सह संयोजक रजनीश मालवीय,जिला उपाध्यक्ष निलेश भारती,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, दीपक फेमस,जय सूर्या उपस्थित थे।**





मनोज सोमानी ने कहा की मप्र सरकार की महिलाओं के उत्थान,विकास,उनकी गरीबी दूर करने,मान, सम्मान से जीने,आत्मनिर्भर बनने,सम्मान से जीने के लिये अनेको योजनाओ बनाई है। मप्र में आज 1 करोड़ 32 लाख लाडली बहनाओ के खाते में हर माह राशि पंहुच रही है,उस राशि ने उनके जीवन की शैली बदल दी। महिला स्व सहायता समूह के कारण प्रदेश में 15 लाख बहने लखपति दीदी बन गई है। चुनावो में,नोकरियो में महिलाओं का आरक्षण के कारण आज महिलाएं घूंघट चौके चूल्हे के साथ गांव से लेकर प्रदेश देश की सरकारों में शामिल है,राजनीति में आई सक्रिय भूमिका निभा रही है. अब एक ही संकल्प है हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी जिसकी घोषणा की है कि अब लाडली बहनाओ को लखपति दीदी बनाना है,वो गरीब क्यो रहे।

अभियान संयोजक वीरेंद्र बघेल ने बताया की मप्र भाजपा के आव्हान एवं प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत जिले के सभी 37 ही मंडल के प्रत्येक बूथ पर 14 से 16 फरवरी तक संगठन द्वारा नियुक्त सांसद विधायक पूर्व मंत्री,जिला अध्यक्ष,जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारि दिये गये अपने अपने बूथ पर जाकर बूथ समिति एवं सभी कार्यकर्ताओं के साथ उमंग, उत्साह के साथ दिये गये 11 करणीय कार्य संपादित करेंगे। यह अभियान लोकसभा चुनाव की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है। इस अभियान के माध्यम से भाजपा अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचकर अपनी विचारधारा के लोगों को मजबूत करने का प्रयास करेगी। केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन-घर घर तक पहुंचाया जायेंगा । इस अभियान में लोकसभा के पूर्णकालिक कार्यकर्ता इस अभियान के माध्यम से बूथ तक पहुंचने वाले है । इस अभियान में 24 घंटे बूथ में रहकर हर परिवार के बीच कार्यकर्ता पहुचेंगे और जो संगठनात्मक करणीय कार्य दिये है उन्हें सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कार्यकर्ताओं अपनी अहम् भूमिका निभायेंगे। इस अभियान को लेकर सभी स्थानों पर प्रभारी नियुक्त किये है। वही मंडल अध्यक्षो ने सभी बूथों के प्रभारियों की नियुक्ति की है। साथ एक नवाचार कार्य करना जिसमे एक देव स्थान से दूसरे देव स्थान तक रन फॉर राम दौड़ करेंगे।

# प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति आंकलन कर पीडितों को सहायता उपलब्ध कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**क्षति का आंकलन करने एवं पीडितों को सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही में जनप्रतिनिधियो**

**अनुपपुर।** जिले में फसल क्षति के प्रावधान अंतर्गत तत्काल सर्वेक्षण की कार्यवाही कर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के मापदंडो के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित के निर्देश कलेक्टर श्री आशीष विशिष्ट ने दिए हैं उन्होंने प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति होने पर राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों का संयुक्त दल को सर्वेक्षण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने क्षति का आंकलन करने एवं पीडितों को सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही में जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक विश्वास में लिया जाये एवं उनका भरपूर सहयोग प्राप्त करने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित कृष्कों की उपस्थिति में सर्वे कार्य पूर्ण करने के पश्चात प्रभावित कृषकों की सूची ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाने तथा सभी ग्रामवासियों को सूची पढकर सुनाई जाने व ग्रामवासियों के दावे आपत्ति, यदि कोई हो तो प्राप्त किये जाने तथा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में दिये प्रावधान अनुसार फसल क्षति हेतु पीडितों को राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने सर्वेक्षण कार्य में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के समृद्ध किसान का संकल्प होगा पूरा

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने आज भोपाल में नाबार्ड की राज्य ऋण संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए नाबार्ड की टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की समृद्धि का संकल्प दोहराया है उसे पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नाबार्ड, राज्य सरकार और मेहनती किसान मिलकर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। श्री देवड़ा ने बैंकों से आग्रह किया है कि वे सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से आगे बढ़े। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के लिए नाबार्ड ने 2,58,568 करोड़ रुपए का आकलन किया था। कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य के लिए 19 संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।





प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए राज्य शासन की पहल पर राष्ट्रीय ग्रामीण एवं कृषि विकास बैंक- नाबार्ड ने वर्ष 2024-25 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 2,84,455 करोड रुपए ऋण संभाव्यता का आकलन किया है। यह पिछले साल की तुलना में 9.99त्न ज्यादा है। इससे किसानों और छोटे व लघु उद्योगों से जुड़े कामगारों और राज्य की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# नारी सम्मान ही राष्ट्र की शक्ति : डॉ प्रवीण ओझा

**महू संदीप शर्मा।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार दिनांक 13.02.2024 को महाविद्यालय की 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर की इकाई द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रवीण ओझा शामिल हुए।



प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को जब तक आर्थिक निर्णय लेने की स्वतंत्रता नहीं मिलेगी तब तक महिला पूर्ण रूप से स्वतंत्र नहीं है। उन्होंने बताया कि जिस घर में नारी को पूजा जाता है वहां पर देवताओं का वास होता है और राष्ट्र के विकास में स्त्रीशक्ति की विशेष भूमिका के बारे में उन्होंने बताया।महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट नीलेश पाटीदार ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को साधुवाद किया, जिनके कारण महिलाएं स्वतंत्र रूप से अपने मकसद में कामयाब होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उदाहरण बन रही हैं।

महाविद्यालय के 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ संजय सोहनी ने बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं के ऊपर जिम्मेदारियों का एक विशेष दायरा बना हुआ है उन्हें अपने कामकाज और परिवार में एक सामंजस्य बना कर रखना पड़ता है। कार्यक्रम में बटालियन के 126 कैडेट्स ने सहभागिता की।कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ संजय सोहनी ने किया।

# कान्हा के बारासिंघा बांधवगढ़ टायगर रिजर्व रवाना



**अनवर खान मंडला।** सरही परिक्षेत्र स्थित रौंदा बीट से 11 बारासिंघा (03 नर एवं 08 मादा) को सफलता पूर्वक केप्चर किया जाकर बांधवगढ़ टायगर रिजर्व की ओर रवाना किया गया। इस पूरे केप्चर प्रक्रिया का नेतृत्व श्री सुनील कुमार सिंह, क्षेत्र संचालक, कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा किया गया। केप्चर आपरेशन के दौरान श्री पुनीत गोयल, उप संचालक (कोर), डा. संदीप अग्रवाल, वन्यप्राणी चिकित्सक एवं बांधवगढ़ टायगर रिजर्व से श्री पी.के. वर्मा, उप संचालक एवं उनका रेस्क्यू दल तथा कान्हा टायगर रिजर्व के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। इसके पूर्व कान्हा से बांधवगढ़ टा. रि. 37 (13 नर एवं 22 मादा, 02 बच्चे) बारासिंघा स्थानांतरित किये गये है। राज्य पशु बारासिंघा के बांधवगढ़ टायगर रिजर्व में ट्रांसलोकेशन हेतु भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनुमति दी गई थी। दिनांक 11-02-2024 को समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा बारासिंघा केप्चर हेतु विशेष रूप से निर्मित बोमा का निरीक्षण किया गया

बारासिंघा केप्चर की रणनीति तैयार की गई। आज दिनांक को प्रात: 8 बजे से केप्चर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई दोपहर लगभग 10:00 बजे बारासिंघा केप्चर की प्रक्रिया पूर्ण की गई एवं बारासिंघा को विशेष रूप से निर्मितपरिवहन ट्रक में बांधवगढ़ टायगर रिजर्व की ओर वन्यप्राणी चिकित्सक, कान्हा एवं बांधवगढ़ रेस्क्यू दल की देखरेख में रवाना किया गया। प्रदेश में इनकी संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में 7 एवं सतपुड़ा टायगर रिजर्व में 98 मध्य भारतीय हार्ड ग्राउण्ड बारासिंघा को सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया जा चुका है। कान्हा में सत्तर के दशक में मात्र 66 बचे थे, कान्हा प्रबंधन द्वारा बेहतर संरक्षण के चलते अब कान्हा में इनकी संख्या लगभग 948 तक हो गयी है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 7 हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य नही कराने पर जिपं. सीईओ ने जारी किया जमानती वारंट

**अनुपपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत एवं अंतरित राशि 1.15 लाख के बावजूद प्रधानमंत्री आवास का निर्माण लेन्टर स्तर तक नही कराए जाने पर जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत टांकी के हितग्राही श्री आनंद राम सिंह पिता भोरेलाल सिंह ग्राम पंचायत लतार के हितग्राही कृष्ण कुमार मिश्रा पिता रेवाराम मिश्रा, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत मेड़ियारास के हितग्राही श्री संतोष चौधरी पिता बड़कू, ग्राम पंचायत पोंड़ी-2 के हितग्राही श्री मिथुन, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत चंगेरी के हितग्राही श्री गेंदलाल पिता कनकदास, ग्राम पंचायत खमरौध के हितग्राही श्री रामचन्द्र पिता सन्ता, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत पटना के हितग्राही मंगल प्रसाद पिता धन्ना प्रसाद की समक्ष में सुनवाई करते हुए संबंधितों को जमानती वारंट जारी किया गया है। जिला पंचायत के सीईओ श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 अंतर्गत संबंधित हितग्राहियों को चेतावनी दी है कि आवास निर्माण कार्य की दी गई समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित थाना में प्रकरण पंजीबद्ध कराकर राशि वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715